फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 109, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 14

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 13



पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

LAST DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


## अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर, एजेंसी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।



शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। जो चार मंत्री बनाए गए हैं उनमें दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से व दो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं।

### ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

**ओमप्रकाश राजभर :** गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष। योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे।

**दारा सिंह चौहान :** मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

**सुनील शर्मा :** 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल की। 2 लाख 14 हजार 386 वोटों से सपा गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को हराया।

**अनिल कुमार :** मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।

# निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है।

इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ और 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ का प्रावधान किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

### सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी



सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

### राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

## तौकीर रजा 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

विधि संवाददाता, बरेली

### कोर्ट ने किया तलब

- कोर्ट से 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- कमिश्नर, डीआईजी, एसएसपी डीएम को भी माना सहयोगी
- भड़काऊ भाषण देने के बावजूद हटा दिया था चार्जशीट से नाम

**अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।



शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने पाया कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। किन्तु चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने विवेचना के तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। कोर्ट ने मौलाना तौकीर को 11 मार्च को सुनवाई पर तलब किया है।

### एक नजर

### प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर दौरे पर

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

## 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी



- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और रामेश्वर कैफे में विस्फोट का मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है। उधर, एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

### शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



सिद्धरमैया



डीके शिवकुमार

## फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप, लॉग इन न होने से लोग रहे परेशान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत सहित कई देशों में असर जीमेल-यूट्यूब भी प्रभावित

जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के तमाम उपयोगकर्ताओं को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में अपने खातों के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर उपयोगकर्ताओं के खाते अचानक ही निष्क्रिय नजर आने लगे। उन्हें इन खातों को खोलने पर अचानक एप बंद होने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास आई थी।

लोगों की शिकायत है कि उन्हें फेसबुक, इंस्टाग्राम, जीमेल, यूट्यूब के खातों से लॉग-आउट कर दिया गया है। रोबोज डॉटइन टेक के सीईओ मिलिंद राज ने कहा कि मुझे संदेह है कि यह एक वैश्विक साइबर हमला है। फेसबुक और इंस्टाग्राम का संचालन करने वाली कंपनी मेटा के संचार निदेशक एंडी स्टोन ने कहा कि हम समस्या दूर करने पर काम कर रहे हैं।

## रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।



## कंटेनर से भिड़ी बरातियों की बोलेरो तीन लोगों की जान गई, चार घायल

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

- सोमवार रात दो बजे कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर के पास हुआ हादसा
- मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे सभी लोग, घायलों को पुलिस ने भेजा अस्पताल

**अमृत विचार :** बरातियों से भरी बोलेरो की सोमवार रात नौगवां मुबारकपुर के पास सामने से आ रहे कंटेनर से भिड़ंत हो गई, जिससे तीन बरातियों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। यह सभी मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें एक की हालत गंभीर है।

क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर मड़ैया निवासी जीवन की बरात सोमवार शाम को मदनापुर गई थी। द्वाराचार की रस्म पूरी होने के बाद बरातियों ने खाना खाया। इसके बाद शादी की आगे की रस्में शुरू हो गईं। कुछ बराती खाना खाकर बोलेरो से घर के लिए चल दिए। रात करीब दो बजे मुरादाबाद-कानपुर स्टेट हाईवे पर कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर गांव के पास कलान की ओर से आ रहे कंटेनर से बोलेरो की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए।



नेत्रपाल



रामदीन

हादसे में बोलेरो चालक मिर्जापुर के गांव भौरा नगला निवासी रजनीश, लक्ष्मनपुर निवासी रामदीन, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी नेत्रपाल उर्फ नेता की मौके पर मौत हो गई। जबकि लक्ष्मनपुर निवासी रमेश और डालचंद, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी रवित, प्रेमपाल घायल हो गए। सभी को पुलिस ने फर्रुखाबाद के अस्पताल भेजा, रमेश की हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया।

## एसपी ऑफिस पर युवक ने खुद को लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- वाहन का था विवाद पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत था युवक
- 50% झुलसा, लखनऊ किया रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। - **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली(45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

## नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप

**अमृत विचारः** एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# प्रसूताओं के खाने में मेन्यू की अनदेखी, परोस रहे पानी जैसी दाल व सब्जी

## जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत पोषणयुक्त भोजन और नाश्ते में मौसमी फल व अंडा देने का है नियम, घर से खाना मंगाकर खाती हैं अधिकांश प्रसूताएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज व जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों में प्रस्ताओं के खाने में मेन्यू की अनदेखी की जा रही है। शासन से जारी मेन्यू के अनुसार सरकारी अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को खाने में पौष्टिक भोजन और नाश्ते में अंडा, ब्रेड, मौसमी फल, मक्खन आदि मुफ्त दिया जाना चाहिए। मगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती गर्भवती महिलाओं व प्रसूताओं को खाने में पानी जैसी दाल, आलू की सब्जी और नाश्ते में दूध का पैकेट पकड़ा दिया जाता है। अस्पताल का खाना खाने लायक न होने की वजह से अधिकांश महिलाएं सरकारी खाना लेने से मना कर देती हैं। उनके लिए परिजन घर से खाना लाकर खिलाते हैं।

जनपद में मेडिकल कॉलेज के अलावा आठ सीएचसी और 21 पीएचसी हैं। जहां गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराया जाता है। जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिला को प्रसव से पूर्व या प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती होती है तो उसे सुबह को पोषणयुक्त नाश्ता, दोपहर व रात्रि में भोजन निशुल्क देने का प्रावधान है। इसके लिए शासन की ओर से प्रति मरीज 90 रुपये रोजाना के हिसाब से दिया जाता है। मेडिकल कॉलेज में मरीजों को नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराने का काम एक स्वयं सहायता समूह को दिया गया है। मगर यहां पौष्टिक आहार के नाम पर पानी जैसी दाल और रोटी के अलावा गर्भवती को पौष्टिक भोजन में कुछ नहीं मिलता है। मंगलवार को अमृत विचार की टीम ने मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग में द्वितीय तल पर बने वार्ड में महिला मरीज और उनके तीमारदारों से बातचीत की। तब प्रसूताओं को दिए जा रहे पौष्टिक भोजन में गोलमाल किए जाने का मामला सामने आया। मेडिकल कॉलेज में भर्ती प्रसूताओं को मंगलवार को नाश्ते में दूध का एक पैकेट दिया गया। फल और ब्रेड नाश्ते से गायब थे। प्रसूताओं का कहना है कि यहां खाने के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी की जा रही है। नाश्ते में सिर्फ कच्चे दूध का पैकेट दिया जाता है। जिसे खुद ही गर्म करना पड़ता है। दोपहर के भोजन में सलाद और दही गायब रहता है। रात में सब्जी, रोटी, चावल तीनों नहीं मिलते हैं। मौसमी फल व दूध नियमानुसार नहीं मिलता है।


मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग के गाइनी वार्ड में भर्ती प्रसूताएं। ● अमृत विचार

> शासन से जो तय मेन्यू है। उसी के हिसाब से गर्भवतियों को भोजन और नाश्ता मिलना चाहिए। अगर भोजन की गुणवत्ता खराब है या फिर मानक के अनुरूप भोजन नहीं मिल रहा है। इस बाबत प्राचार्य से जानकारी कराई जाएगी। भोजन देने वाली संस्था को पूर्व में भी निर्देश दिए गए थे कि वह मानक के अनुरूप काम करें। गड़बड़ी सामने आई तो कार्रवाई होगी। **-डॉ. आलोक कुमार** सीएमओ

### यह है शासन से निर्धारित मेन्यू

– सुबह नाश्ते में 200 ग्राम दूध के साथ दो अंडे, चार ब्रेड पीस, 10 ग्राम मक्खन, दलिया और पोहा मिलना चाहिए। इसके लिए 25 रुपये प्रति मरीज प्रतिदिन देय होता है। दोपहर के भोजन में चार रोटी, दाल, मौसमी सब्जी, दही, चावल और सलाद होना चाहिए। इसके लिए 35 रुपये देय होते हैं। शाम के भोजन में चार रोटी, मौसमी सब्जी, चावल और मौसमी फल होना चाहिए। इसके लिए भी 30 रुपये मिलते हैं, लेकिन प्रसूताओं को आहार तालिका के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा।

### चेक नहीं की जाती भोजन की गुणवत्ता

मेडिकल कॉलेज की महिला विंग में गर्भवती को मिलने वाले भोजन की कभी गुणवत्ता चेक नहीं होती है। अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कभी नहीं करते कि मरीजों को खाना खाने योग्य दिया जा रहा है या नहीं। सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित मैन्यू के अनुसार भोजन मिलना चाहिए। मगर यहां पानी जैसी पतली दाल और आलू की सब्जी प्रसूताओं को दी जाती है। अफसरों की ओर से भी आज तक कोई रुटीन चेकिंग नहीं की जाती है। जिस वजह से संस्था मनमर्जी तरीके से काम करने में लगी रहती है।

### अव्यवस्था सुधारने पर नहीं जोर कैमरे पर लगा रखी है रोक

सरकारी अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में तब्दील कर दिया गया। इसके बाद से यहां के जिम्मेदार व्यवस्था भले न सुधार पा रहे हो, लेकिन अव्यवस्था उजागर न हो, इस पर पूरा फोकस कर दिया है। बिना अनुमति कैमरे के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताकि पोल न खुल सके। स्थिति यह है कि पूर्व में इमरजेंसी के बाहर गर्भवती का प्रसव होने के मामले में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। साथ ही अस्पतालों में अन्य स्तर पर भी गड़बड़ी का शोर है।


गौंटिया गांव की रहने वाली आरती पत्नी सूरजपाल ने बताया कि वह रविवार को मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुई थी। यहां उसने बच्ची को जन्म दिया। डॉक्टर ने अभी भर्ती रहने की सलाह दी है। आरती ने बताया कि यहां भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है। भोजन में फल, मक्खन, सलाद आदि कुछ नहीं दिया जाता है। नाश्ते में सिर्फ दूध का पैकेट मिला है। उसे खुद ही गर्म कराना पड़ता है।


दियूनी केसरपुर गांव की रहने वाली क्रांति पत्नी नंदलाल ने बताया कि अस्पताल में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है। आहार तालिका कहीं भी नहीं लिखी हुई है। जिस वजह से मनमर्जी तरीके का भोजन दे रहे हैं। तीन दिन भर्ती रहने के दौरान एक भी दिन किसी प्रसूता को फल, अंडा, मक्खन, दही, सलाद नहीं दिया गया। इसलिए घर का ही खाना खाते हैं।


शहर के मोहल्ला मदीनाशाह की रहने वाली ज्योति पत्नी सूरज कुमार ने बताया कि वह पिछले 10 दिन से भर्ती है। बच्चे का जन्म हुआ है, जो एसएनसीयू वार्ड में भर्ती है। यहां नाश्ते में सुबह को दूध का पैकेट मिलता है। 10 दिनों में न तो कभी अंडा मिला और न ही कोई फल। मंगलवार दोपहर के भोजन में दाल और रोटी मिली। अस्पताल में भर्ती काफी प्रसूताओं का भोजन उनके घरों से आता है। दूर दराज की प्रसूताएं यहां का भोजन लेती हैं।

### 90 रुपये में कैसे दें पौष्टिक आहार

अस्पताल के कुछ जिम्मेदारों का तर्क है कि 90 रुपये में दो वक्त का भोजन और एक वक्त का नाश्ता कैसे संभव है। महंगाई के दौर में पौष्टिक और गुणवत्ता की बात करना मुश्किल होगा। शासन ने जो मैन्यू तय किया है, उसके हिसाब से 90 रुपये में भोजन देना संभव नहीं है। इसलिए संस्था अपने हिसाब से भोजन का वितरण कर देती है।

# गाली गलौज के बाद महिला को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** गांव ज्योराह कल्याणपुर निवासी दीनदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को उसके भाई की पत्नी पूजा घर में मौजूद थी। तभी दोपहर करीब एक बजे पड़ोसी प्रशांत, सोमवती, दीपाली घर के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पूजा की पिटाई कर दी। शोर सुनकर लोग बचाने गए तो उन पर भी हमला किया। एसएसआई सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हाईवे पर दो ट्रक भिड़े एक चालक की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रक के चालक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी और दूसरे ट्रक के चालक-परिचालक भाग गए। मृतक की शिनाख्त होने पर पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दे दी है।

यह हादसा मंगलवार तड़के करीब चार बजे पूरनपुर-खुटार मार्ग पर मुजफ्फरनगर मोड़ से करीब दो सौ मीटर आगे राईस मिल के पास हुआ। पुलिस के अनुसार दोनों ट्रक खुटार की तरफ से आ रहे थे। तेज गति में पीछे से आए ट्रक ने आगे चल रहे दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसा इतना वीभत्स था कि पीछे वाले ट्रक के परखच्चे उड़ गए। इसमें गंभीर चोटें आने से पीछे चल रहे ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी शिनाख्त उत्तराखंड के जिला उधमसिंह नगर के किच्छा थाना क्षेत्र के गांव दरऊ निवासी 32 वर्षीय फुरकान पुत्र इमरान के रूप में हुई। उसका एक साथी और दूसरे ट्रक के चालक -परिचालक मौके से भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी पीलीभीत पहुंच गए।


पूरनपुर-खुटार हाईवे पर खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक।

# विजिलेंस टीम का अस्पताल में छापा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** विजिलेंस टीम ने एक अस्पताल में छापेमारी की। छापेमारी के बाद राजनीतिक दखल से निपटे मामले की चर्चा हो रही है। इस मामले में टीम कुछ भी बताने से बचती रही। दो घंटे बाद चुपचाप निकल गई। पूरनपुर क्षेत्र में मंगलवार को कोतवाली रोड स्थित एक अस्पताल में विजिलेंस टीम ने छापा मारा। टीम के सदस्य अस्पताल संचालक से दस्तावेज और अन्य जानकारी जुटाने लगे। इसको लेकर खलबली मच गई। बताते हैं कि संचालक ने शिकंजा कसता देख बचाव के लिए फोन घुमाने शुरू कर दिए। कुछ देर में ही दो सत्ताधारी नेता अस्पताल पहुंच गए। टीम के साथ काफी देर तक उनकी वार्ता हुई। उसके बाद मामला रफा दफा कर दिया गया। बिना कार्रवाई के ही टीम सब कुछ ठीक ठाक होना बताकर वापस लौट गई।

# कमरे में लटका मिला युवक का शव, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** एक युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। पत्नी ने मृतक के माता-पिता, भाई और दो बहनोई पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सूचना मिलने पर पुलिस व फील्ड यूनिट ने मौका मुआयना कर सबूत जुटाए।


मृतक गंगाप्रकाश।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश निवासी गंगा प्रकाश (27) पुत्र राजेंद्र वर्मा मजदूरी करते थे। घर के एक कमरे में गंगा प्रकाश और दूसरे में उनके माता-पिता रहते हैं। उनकी पत्नी पुष्पा देवी पिछले कई महीने से अपने मायके न्यूरिया क्षेत्र के गांव धनकुना में रह रही थी। पिता राजेंद्र वर्मा ने बताया कि गंगा प्रकाश शराब पीने के बाद घर में मारपीट करता था। सोमवार रात वह नशे की हालत में घर पहुंचा और झगड़ने लगा। रात में उसने खाना भी नहीं खाया। कमरे में जाने के बाद उसने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। चूंकि वह अक्सर ऐसी हरकतें करता था, जिससे उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया।

मंगलवार सुबह घर के बाकी लोग जाग गए, लेकिन गंगा प्रकाश सुबह सात बजे तक कमरे से बाहर नहीं निकला। कई बार आवाज देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर परिजनों को कुछ आशंका हुई। उनके बताने पर आसपास के लोग पहुंच गए। इसके बाद दरवाजा तोड़ा तो अंदर का नजारा देख लोग दंग रह गए। गंगा प्रकाश का शव साड़ी के सहारे छत के कुंडे से लटका था। परिजनों ने इसकी सूचना गंगा प्रकाश की पत्नी पुष्पा को दी। वह कुछ ही देर में मायके वालों के साथ मौके पर जा पहुंची। उसने गंगा प्रकाश की हत्या करने के बाद शव लटकाने का आरोप सास-ससुर, देवर और दोनों नंदोई पर लगाया। उधर, घटना की सूचना मिलने पर एसएसआई बरखेड़ा सिद्धांत शर्मा मौके पर जा पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुला लिया गया।


घटना के बाद विलाप करते मृतक के परिवार वाले। ● अमृत विचार

● **मृतक के माता-पिता, भाई और दो बहनोई के खिलाफ दी तहरीर**

### पत्नी बोली- सोमवार रात की गई थी पिटाई

पत्नी पुष्पा देवी का आरोप है कि उसके बेटा पैदा होने के बाद से गंगा प्रकाश के साथ घरवाले मारपीट करने लगे। चार मार्च की रात साढ़े आठ बजे पुष्पा के भाई के पास गंगा प्रकाश के पिता का फोन पहुंचा। दोनों के बीच बातचीत चल रही थी। आरोप है कि पीछे से आवाज आ रही थी, जिसमें प्रतीत हो रहा था कि छोटा भाई और दोनों नंदोई मिलकर गंगा प्रकाश को पीट रहे हैं।

### 24 फरवरी को हुआ था बेटे का नामकरण

गंगा प्रकाश दो भाइयों में बड़े थे। उनका छोटा भाई ओमकार दूसरे मकान में रहता है। गंगा प्रकाश के दो साल की पुत्री काजल है। 27 जनवरी को बेटे रोहित का जन्म हुआ था। बेटा पैदा होने के कुछ दिन बाद पुष्पा बच्चों को लेकर अपने मायके धनकुना गांव चली गई थी। 24 फरवरी को धनकुना गांव में ही बेटे का नामकरण हुआ था।

> युवक का शव फंदे से लटका मिलने की सूचना मिली थी। इस पर मौका मुआयना कर जानकारी की गई। मृतक की पत्नी ने हत्या का आरोप अपने ससुराल वालों पर लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। **– सिद्धांत शर्मा,** एसएसआई बरखेड़ा

# इंडो-नेपाल सीमा पर बढ़ेगी गश्त, बनेगी चेकपोस्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सख्त किए जाएंगे इंतजाम**

● **मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में संपन्न हुई दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व सीमावर्ती इलाकों में अन्य बंदोबस्त को लेकर मंगलवार को इंडो-नेपाल के अधिकारियों की बैठक मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में हुई।

इसमें कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, नेपाल के कंचनपुर जिले के सीडीओ गोपाल कुमार अधिकारी, पुलिस अधीक्षक कंचनपुर चक्रराज जोशी, एपीएफ के एसपी खगेन्द्र बहादुर चन्द्र, सहायक सीडीओ धर्मराज जोशी, पीलीभीत डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पाण्डेय समेत कई अधिकारी शामिल हुए। विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता हुई और सीमा पर सुरक्षा बंदोबस्त सख्त करने के लिए रणनीति तय की गई।

बैठक में भारत-नेपाल सीमा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सीमावर्ती क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए दोनों देशों की सीमा सुरक्षा बल, पुलिस/प्रशासनिक, वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इंटेलिजेंस के माध्यम से अपराधियों की सूची दोनों ओर से तैयार कर साझा करने व संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की रणनीति तय हुई।

अधिकारियों ने कहा कि भारत नेपाल के संबंध पहले से ही सौहार्दपूर्ण हैं, यदि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है तो आपसी समन्वय के साथ समस्या का निस्तारण किया जाए। नेपाल राष्ट्र के अधिकारियों द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए सहयोग की बात कही गई। सीमा पर आने जाने वाले लोगों की सघन जांच कराने व लोकसभा चुनाव को देखते हुए चेक पोस्ट, वैरियर लगाए जाएंगे। सीमावर्ती क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की नियमित निगरानी कराई जाएगी। इस मौके पर एडीएम ऋतु पूनिया, एएसपी विक्रम दहिया आदि मौजूद रहे।


मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में बैठक करते भारत-नेपाल के अधिकारी। ● अमृत विचार

# 150 कांवड़ियों के जत्थे का होगा स्वागत

**पूरनपुर, अमृत विचार :** चंदिया हजारा से करीब 150 कांवड़ियों का एक जत्था हरिद्वार गंगाजल लेने गया है। आगामी सात मार्च को कावड़ियों का जत्था पूरनपुर पहुंचेगा। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता जत्थे का सिरसा चौराहे पर भव्य स्वागत करेंगे। इसके बाद कोतवाली रोड पर स्थित साईं श्रद्धा बैंक्विट हॉल में कावड़ियों के रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। अगले दिन महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़िए चंदिया हजारा के मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष दयाल विश्वास ने बताया कि कावड़ियों के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संगठन उनके ठहरने और भोजन आदि की व्यवस्था करेंगे।

# बिजली ठीक करने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

संवाददाता, बीसलपुर

● **बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम खुटरायां में हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** प्रधान के घर दावत के दौरान पोल पर बिजली ठीक करते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई।

बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम खुटरायां निवासी सालिगराम (29) टेंट की दुकान पर काम करता था। सोमवार को ग्राम प्रधान के परिवार में दावत थी। शाम को अचानक वहां लाइट खराब हो गई। प्रधान पति बिजली ठीक करने के लिए सालिगराम को अपने साथ ले गया। जहां वह पोल पर चढ़ाकर बिजली ठीक कर रहा था। तभी उसे करंट लगने पर तेल झटका लगा। इससे वह पोल से नीचे जा गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। फौरन उसे सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए।


मृतक सालिगराम।

परिजनों ने प्रधान पति पर लापरवाही का आरोप लगाते उनके खिलाफ कार्रवाई क मांग की। इंस्पेक्टर बिलसंडा अजय कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की जांच चल रही है।

# विवाहिता को पीटकर निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने के मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। सुल्तानपुर जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पोशाला निवासी सीमा पुत्री हाकिम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने करीब आठ वर्ष पूर्व मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी अमन पुत्र राकेश से प्रेम विवाह किया था। उसके एक तीन वर्षीय पुत्री तपस्या है। शादी के कुछ समय बाद से पति प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि पति एक वर्ष पूर्व गैर महिला को घर ले आया और दूसरी शादी कर लेने की बात कही। विरोध करने पर पीड़िता से मारपीट की। एक मार्च को पिटाई कर घर से निकाल दिया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# नकटादाना चौराहा के पास दो दुकानों से सामान ले गए चोर


घटना की जानकारी देते पीड़ित राजेश। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर में चोरियों का सिलसिला जारी है। बरखेड़ा ब्लॉक के एआरपी के बंद मकान में हुई चोरी की घटना में पुलिस कोई सुराग जुटा नहीं पाई कि सोमवार रात नकटादाना चौराहा के पास दो दुकानों के ताले तोड़कर चोर हजारों का सामान ले गए। इनमें एक टेलर की दुकान है, जिसमें से पुलिस की दो वर्दी भी ले गए।

नकटादाना चौराहा के नजदीक रहने वाले धनपत केजीएन कॉलोनी के पास खोखा में सिलाई की दुकान चलाते हैं। सोमवार देर शाम वह काम निपटाने के बाद दुकान बंद करके घर चले गए। देर रात किसी वक्त चोरों ने उनकी दुकान के ताले तोड़ दिए और उसमें रखे दो हजार रुपये व कपड़े चोरी ले गए। उनके पड़ोस में रखे खोखा में दिव्यांग राजेश कपड़ों पर प्रेस लगाने का काम करते हैं। उनकी दुकान के ताले तोड़कर चोर कपड़ों की गठरी चोरी ले गए। मंगलवार सुबह इसकी सूचना सिविल लाइन चौकी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई।

विकास पर चर्चा | बीसलपुर नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सर्व सम्मति से सभी प्रस्ताव पास

# 43 .57 करोड़ रुपये से किए जाएंगे विकास कार्य

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका होली से पहले विशेष सफाई अभियान चलाएगी। इसके लिए कर्मचारियों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई जाएगी। नगर पालिका बोर्ड बैठक में सफाई अभियान समेत कई प्रस्ताव पास हुए। बोर्ड बैठक में वर्ष 2024- 25 के लिए अनुमानित आय का 43.57 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

नगर पालिका के पुस्तकालय भवन में मंगलवार को बोर्ड बैठक संपन्न हुई। अधिशासी अधिकारी शमशेर सिंह ने बैठक में वर्ष 2024- 25 के लिए बजट रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें प्रारंभिक अवशेष 58074226, अनुमानित आय 435730000 अनुमानित व्यय का कुल 43573000 रुपये का बजट पेश किया गया, जिसे समस्त सभासदों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

चेयरमैन शशि जायसवाल ने कहा कि नगर के सभी 25 वार्डों में बिना भेदभाव के उनके द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके बावजूद किसी सभासद को किसी तरह की समस्या हो तो उसका निस्तारण कराया जाएगा। रामलीला मेला, डिग्री कॉलेज समेत कई मार्गों पर पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए विक्टोरिया फैंसी लाइटें लगवाई जा रही हैं। यह कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। नगर में होली पर अभियान चलाकर सफाई, सड़क मरम्मत समेत कई कार्य कराए जाए।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल उर्फ निक्की, प्रियंका गंगवार, सावित्री गंगवार, सुशील जायसवाल ,अनुपम मित्तल, रेहना बेगम, मनीष भोजवाल, पप्पू मिर्जा, अमर सिंह, नरेंद्र वाल्मीकि, प्रतिभा, रामपाल गंगवार, शाइस्ता बी आदि सभासद मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभासदों से सुझाव भी मांगे गए।


बोर्ड बैठक में चेयरमैन शशि जायसवाल व सभासद। ● अमृत विचार

# अवैध कब्जेदारों ने नहीं दिए अभिलेख, फिर भेजा नोटिस

संवाददाता, बीसलपुर

● **एसडीएम ने तीन दिन में मांगे थे अभिलेख, आरोपियों ने एक माह बाद भी उपलब्ध नहीं कराए**

**अमृत विचार :** बिलसंडा की पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से दुकानें बनाकर किए गए कब्जे के मामले में एसडीएम ने फिर अवैध कब्जेदारों को नोटिस भेजा है। संबंधित दुकानों से जुड़े अभिलेख नहीं दिखाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

कस्बा बिलसंडा निवासी संतोष वर्मा ने तहसील दिवस में एक शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन पर करीब 68 दुकानें बनी है। आज तक ट्रस्ट में किराया तक नहीं जमा किया गया। मामले की जांच एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह कर रहे हैं। पहले चार बिंदुओं पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से रिपोर्ट तलब की गई थी लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद एसडीएम ने बीते माह खुद मौके पर जाकर पड़ताल की थी। उस वक्त कई दुकानदारों ने दुकानों का बैनामा होने की बात तो कही, मगर अभिलेख नहीं दिखा सके थे। उस वक्त नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था लेकिन एक माह बीतने के बाद भी जवाब नहीं दिया जा सका है। अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए। एसडीएम ने अब दोबारा से सभी को नोटिस जारी किए है। जिसमें अभिलेख प्रस्तुत न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। एसडीएम महिपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। एक बार पुनः नोटिस देकर अभिलेख मांगे गए हैं।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# भोले की भक्ति में रंगने लगी तराई, शिवालयों में शुरु हुई तैयारी

## गौरीशंकर मंदिर समेत जिले के समस्त शिवालयों में चल रहा सफाई अभियान, आठ को मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


गौरीशंकर मंदिर में मूर्तियों की सफाई करते सेवक। ● अमृत विचार


तैयारी को लेकर मंदिर में पुताई करता श्रमिक। ● अमृत विचार


महाशिवरात्रि के लिए सजाया जा रहा दूधिया नाथ मंदिर।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व नजदीक आने से तराई इलाका भोले की भक्ति में रंगने लगा है। मंदिरों में रंगाई-पुताई के साथ तैयारी शुरु कर दी गई है। महाशिवरात्रि पर गौरीशंकर मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। सोमवार से भोलेनाथ के विवाह की रस्में आदि शुरु हो गई हैं। इसको लेकर सुबह-शाम कार्यक्रम चल रहे हैं।

हिंदू पंचांग के मुताबिक फाल्गुन माह में चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इस बार महाशिवरात्रि शुक्रवार को मनाई जाएगी। भोलेनाथ को चतुर्दशी तिथि प्रिय होने से हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि का व्रत रखा जाता है। महाशिवरात्रि को लेकर गौरीशंकर मंदिर कमेटी व अन्य मंदिरों में तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर में साफ-सफाई के अलावा रंग रोगन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर गौरीशंकर मंदिर के अलावा अर्द्धनारीश्वर मंदिर, दुग्धेश्वर नाथ मंदिर, बीसलपुर के गुलेश्वर नाथ मंदिर और पूरनपुर के सिरसा जंगल में स्थित इकोत्तरनाथ मंदिर में पूजन-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगने का अनुमान है। इसके लिए बेरिकेडिंग आदि की व्यवस्था कराई जा रही है। मंदिर प्रागंण को फूलों से

● **महाशिवरात्रि पर मंदिरों मे जुटेगी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़**

सजाया जाएगा। इसको लेकर मंदिर कमेटी तैयारी में जुटी है। वहीं शिव बरात के स्वागत और भंडारे का आयोजन होगा। पंडित जयशंकर शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह चार बजे से जलाभिषेक की शुरुआत हो जाएगी। दोपहर को गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी। जिसका समापन गौरीशंकर मंदिर में होगा। इसी दिन शाम आठ बजे श्रंगार आरती और रात 12 बजे से विशेष पूजा होगी। इसके बाद यज्ञ होगा। रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### सत्यनारायण मंदिर से आगे नहीं जाएंगे वाहन

महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस ने ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। इस दिन गौरीशंकर मंदिर रूट पर कोई बड़ा वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। न ही सड़क पर दुकानें लगेंगी। सत्यनारायण मंदिर से किसी वाहन को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। यहां वाहनों को रोकने के लिए बैरियर लगाया जाएगा। वाहनों के खड़ा करने के लिए ब्रह्मचारी घाट सड़क को चिह्नित किया गया है। आयुर्वेदिक कॉलेज रूट पर पुलिस बल तैनात रहेगा। मंदिर में श्रद्धालुओं की दो लाइनें लगेंगी, जिनमें एक महिलाओं की होगी। मेन गेट से श्रद्धालुओं की एंट्री होगी, और पिछले से गेट से बाहर जाने का रास्ता रहेगा।

### सीसी टीवी से होगी निगरानी

गौरीशंकर मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क है। पुलिस बल के अलावा मंदिर प्रांगण में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मुख्य मंदिर के अलावा परिसर में भी कैमरे लगवा गए हैं। इनकी मॉनिटरिंग के लिए भी एक पुलिसकर्मी को भी तैनात किया गया है।

# कबड्डी में बेसिक की नगर क्षेत्र टीम रही विजेता


विजयी टीम को सम्मानित करते नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित**

**अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय की ओर से गांधी स्टेडियम में मंगलवार को कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। पहला मैच गांधी स्टेडियम पीलीभीत और नगर क्षेत्र पीलीभीत की टीम के मध्य खेला गया। इसमें 24 प्वाइंट से नगर पीलीभीत की टीम विजेता रही। विजेता टीम का फाइनल मैच दयांश क्लब मझोला के बीच हुआ। इसमें छह पॉइंट से नगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूल की टीम विजेता रही। पीलीभीत नगर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा परिषद की बालिकाओं की टीम उप विजेता रही । विजेता और उपविजेता टीम को नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने सम्मानित किया। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है । खेल एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएंअपना भविष्य भी तय कर सकते हैं। निर्णायक मंडल में जिला व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा, साक्षी, गुरमेंज सिंह, शांति स्वरूप, बंटू कुशवाहा रहे।

### चयन ट्रायल में किसी खिलाड़ी को नहीं मिली सफलता



**पीलीभीत।** आवासीय छात्रावास में प्रवेश के लिए जिला स्तर पर गांधी स्टेडियम में मंगलवार को कई खेलों के ट्रायल कराए गए। इसमें कोई भी खिलाड़ी कसौटी पर खरा नहीं उतरा। बालक वर्ग के जिमनास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस खेल के चयन/ ट्रायल हुए। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार की देखरेख में जिला स्तर पर आयोजित ट्रायल में कई अभ्यर्थियों ने मेहनत की, लेकिन टेक्निकल टीम के समक्ष कोई भी अभ्यर्थी खरा नहीं उतर सका। टेक्निकल टीम में स्टेडियम के कोच महेश कुमार, प्रगति सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार ,जिला व्यायाम शिक्षिका विभा मिश्रा, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कपिल देव सिंह शामिल रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में जारी किए गए रोस्टर के अनुसार अन्य खेलों के भी चयन ट्रायल किए जाएंगे।

### कार्यकर्ताओं से एक घंटे ज्यादा काम करेंगे भाजपा नेता

**बरखेड़ा।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की विधानसभा बरखेड़ा की संचालन समिति की बैठक मंगलवार को ब्लॉक सभागार में हुई। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकर्ता जितने घंटे काम करेगा, उससे एक घंटा अधिक हम लोग काम करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, विधानसभा संयोजक व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गंगवार, आशुतोष शर्मा आदि ने विचार रखे। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता उर्फ पप्पन के प्रतिष्ठान पर लोक सभा चुनाव के लिए विधान सभा बरखेड़ा स्तरीय चुनाव कार्यालय भी खोला गया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचो पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# फसलों में हुए नुकसान का जल्द मिले मुआवजा


एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** किसान कल्याण महासंघ के कार्यकर्ताओं ने दो व तीन मार्च को हुई बारिश-ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को जल्द दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।

महासंघ की युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान की अगुवाई में मंगलवार को कार्यकर्ता जमा हुए और तहसील पहुंचे। जहां एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि जनपद में दो व तीन मार्च को बारिश हुई थी। कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे थे। तेज हवा चलने से फसलें खेतों में ही बिछ गईं। इसका सर्वे भी प्रशासन की ओर से कराया जा रहा है। फसलों को हुए नुकसान का संबंधित किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की गई। मुआवजा न मिलने पर तहसील परिसर में भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, गुरपेज सिंह, कमला देवी, कन्या देवी, माया देवी, अजय गंगवार, कमल, संतोष कुमार वर्मा एडवोकेट आदि थे।

# राम भक्तों को लेकर अयोध्या रवाना हुईं बसें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कराने के लिए राज्यमंत्री की ओर से और 300 रामभक्त मंगलवार शाम को बसों में सवार कराकर रवाना किए गए। राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार के पिता बाबूराम गंगवार ने पूजा के बाद हरी झंडी दिखाकर पांच बसों को रवाना किया।

राज्यमंत्री की ओर से अपने सदर विधानसभा क्षेत्र के रामभक्तों को रामलला के दर्शन कराने को लेकर की जा रही व्यवस्था जिम्मा उनके अनुज विजय सिंह गंगवार संभाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में विधान सभा पीलीभीत क्षेत्र से नगर के अलावा ग्राम खपरैल गौटिया, अलीगंज, पिपरिया अगरू, नौंगवा पकड़िया, गुटैहा के रामभक्तों को पांच बसों से रवाना किया गया है। अब तक 400 से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में दर्शन कराए जा चुके हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। अयोध्या यात्रा में पहली बार नगर क्षेत्र की करीब 60 महिलाओं को भी बस से रवाना किया गया है। जिसमें रतना शुक्ला, कामनी गंगवार, रेनू, सुनीता सिंह, पूनम गुप्ता, जसोदा, मुन्नी देवी आदि शामिल रहीं। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा उर्फ अम्बू, राहुल गंगवार आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### शिविर में पंजीकरण कराने को पहुंचे कई दिव्यांग मायूस लौटे



**पूरनपुर।** ब्लॉक परिसर में निराश्रित दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण कराने पहुंचे मानसिक मंदित आश्रय गृह के पदाधिकारियों ने अव्यवस्था का आरोप लगाया है। संस्था के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह का कहना है कि दिव्यांगजन के पंजीकरण की कोई व्यवस्था नहीं की गई। यहां तक कि डॉक्टर तक नहीं पहुंचे। कई दिव्यांग बिना पंजीकरण के मायूस होकर लौट गए। ब्लॉक परिसर में मंगलवार को दिव्यांगजन के पंजीकरण को शिविर लगा। इसमें 80 फीसदी वाले दिव्यांगों को स्वचालित ट्राई साइकिल दिए जाने को पंजीकरण होने थे। अन्य उपकरणों के लिए भी पंजीकरण किया जाना था। इसके लिए मंगलवार को सुबह से ही ब्लॉक में दिव्यांग पहुंचने लगे। उदयकरनपुर गांव स्थित मानसिक मंदित आश्रय गृह के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह के मुताबिक उनकी संस्था में 15 निराश्रित बच्चे हैं, जो दिव्यांग हैं। इन बच्चों का प्रमाण पत्र बनना है। इसे लेकर वह शिविर में पहुंचे। मगर यहां पहुंचने पर कहा गया कि इसे ऑनलाइन कराएं। इन बच्चों के आधार कार्ड भी मांगे जा रहे हैं, जबकि कुछ के माता-पिता की कोई सूचना नहीं है। इस स्थिति में इनके आधार कार्ड भी नहीं बन सके। तत्कालीन एसडीएम आशुतोष गुप्ता के प्रयास से पांच बच्चों के आधार कार्ड बन गए थे। संस्था के सचिव सुखजीत सिंह औलख ने भी आरोप लगाया कि कैंप में दिव्यांगजन की सभी समस्याओं का हल किया जाना था। मगर यहां उनसे अपने प्रमाण पत्र ऑनलाइन कराने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे में कई दिव्यांगों को बैरंग लौटना पड़ा।

### पिछली बार हुई चूक, अबकी बार मतदान न जाना भूल



**पीलीभीत।** विधानसभा चुनाव में कम प्रतिशत मतदान वाली ग्राम पंचायतों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसके तहत शहर से सटी ग्राम पंचायत धनकुना में मंगलवार को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां रैली निकालकर लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक इंतजार खान ने मतदाताओं को जागरूक किया। पिछले विधानसभा चुनाव में यहां 57 .51 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां आयोजित रैली के दौरान 300 ग्राम वासियों को मतदाता जागरुकता ग्रीटिंग कार्ड बांटे गए। शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मतदान का महत्व भी बताया। खासकर महिलाओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई। डीपीपी डिग्री कॉलेज की छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कॉलेज के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राठौर ने गोष्ठी आयोजित कर विचार व्यक्त किए।

### हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव मनाया गया

**पूरनपुर।** शिक्षा विभाग और बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक सभागार में हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव मनाया गया। इसका उद्देश्य विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित तीन से आठ साल के बच्चों का सर्वांगीण विकास करना रहा। निपुण भारत के अंतर्गत मंगलवार को हुए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। बेसिक शिक्षा विभाग के 20 संकुल से नोडल शिक्षक एवं प्रत्येक संकुल से प्राथमिक स्तर के निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके पांच-पांच विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। एआरपी बेचेलाल ने बच्चों को मौखिक भाषा विकास, पठन विकास, लेखन विकास एवं संख्यात्मक ज्ञान की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी पूरनपुर अरुण कुमार ने आश्वासन दिया है कि समस्त विद्यालयों में कायाकल्प से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आएगी। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। शिक्षकों से कहा कि समस्त विद्यालयों में 12 सप्ताह का फेस -1 स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम संचालित करें। इस दौरान करीब 100 निपुण छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सुगंध अग्रवाल, निरंजना शर्मा, राजन मालिक, सूर्य प्रकाश गंगवार, विमल कुमार, संतोष पासवान, वीरेंद्र प्रताप, राजेश कुमार, वीरपाल, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने आम जनता की उम्मीदों को कुचला

**पीलीभीत।** भाकपा माले का दो दिवसीय दसवां जिला सम्मेलन मंगलवार को संपन्न हुआ। इस दौरान इंडिया गठबंधन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई। बल्लभ नगर कॉलोनी स्थित कार्यालय में जिला सम्मेलन के अंतिम दिन में विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता शामिल हुए। 17 सदस्यीय जिला कमेटी का चुनाव कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कामरेड देवाशीष राय को पुन: जिला सचिव चुना गया। जिला सचिव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने कुशासन के 10 साल पूरे करने जा रही है। इन दस सालों में भाजपा ने न केवल आम जनता की उम्मीदों को कुचला बल्कि हिंदुत्व के नाम पर देश में साम्प्रदायिक उन्माद फैलाया है। देश के नौजवानों, गरीबों,मजदूरों और किसानों की स्थिति बदतर हुई। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए बदनाम करने के साथ ही विपक्षी नेताओं को फंसाकर जेल भेजा गया।

### प्रदीप शुक्ला नगराध्यक्ष व रवि जायसवाल महामंत्री बने

**पूरनपुर।** बंडा रोड पर स्थित एक होटल में मंगलवार शाम उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई। इसमें सर्व सहमति से प्रदीप शुक्ला को पूरनपुर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा रवि जायसवाल को महामंत्री और रामगोपाल कक्कड़ को संरक्षक बनाया गया। जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी के निर्देशन में हुई इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को रखा गया और उनके निस्तारण पर चर्चा की गई। इसके अलावा पीलीभीत में 10 मार्च को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन को सफल बनाने के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, जिला मंत्री राकेश अग्रवाल, सौरभ पाल, अक्षत तिवारी, सौरभ सक्सेना, डा. उमाशंकर, मयंक सक्सेना, जफर, जुबैर और शान मोहम्मद सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मझगई थाने में पीस कमेटी की हुई बैठक

पलिया कलां। मझगईं थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। सीओ पलिया यादवेंद्र यादव ने कहा कि सभी लोग आपस में मिल जुलकर त्योहार मनाएं। कोई दिक्कत है तो उन्हें और थाना प्रभारी को बताएं। इस दौरान ग्राम प्रधान बबौरा भूमिसरन, मूलचंद यादव, रमाशंकर जाटव, नवीन पांडेय, रमाकांत पांडेय, अख्तर खान, दिनेश दीक्षित, रमाकांत दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल, रेफर

गोला गोकर्णनाथ। मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी वाजिद अली, मोहल्ला नीची भूड़ निवासी कलीम खान और मोहम्मदी रोड पर तिवारी मार्केट निवासी वीर सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### रोजगार मेला आज

लखीमपुर खीरी। जिला सेवायोजन कार्यालय/मॉडल कॅरियर सेंटर राजापुर द्वारा छह मार्च को सुबह 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजापुर में रोजगार मेला होगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी साक्षी डागुर ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

# रात में यात्रियों को नहीं मिलती बसें, निजी वाहन ही सहारा

## लखीमपुर डिपो: गोला, शाहजहांपुर, खमरिया व धौरहरा जाने वाले मुसाफिर होते हैं परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- रोडवेज बस के अभाव में निजी वाहनों में जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं लोग

**अमृत विचार:** लखीमपुर डिपो से रात आठ बजे के बाद न तो गोला के लिए कोई बस है और न ही शाहजहांपुर के लिए। कुछ ऐसा ही हाल खमरिया और धौरहरा रूट का भी है। हालांकि गोला एवं मोहम्मदी से लेकर शाहजहांपुर तक जाने वाले मुसाफिर रोडवेज बस के अभाव में निजी वाहनों में जान जोखिम में डालकर यात्रा करने के लिए मजबूर हैं।

लखीमपुर डिपो से 88 अनुबंधित बसें संचालित होती हैं। लखनऊ रूट पर इनका संचालन सुबह चार बजे से और इसके बाद अन्य रूटों पर संचालित होती हैं। सबसे ज्यादा बसें लखनऊ रूट पर चलती हैं, जबकि गोला एवं शाहजहांपुर से लेकर बरेली के लिए नाममात्र की बसें हैं। वहीं शाम होते ही बस अड्डे पर बसों का संकट होने लगता है। शाम छह बजे के बाद धौरहरा, साढ़े सात खमिरया और रात आठ बजे के बाद गोला के लिए बसें नहीं मिलतीं। हालांकि रात साढ़े आठ बजे दिल्ली के लिए कौशांबी डिपो की एसी बस है। मगर इसका किराया अधिक होने की वजह से आम यात्री इसमें सफर करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते।



रोडवेज डिपो- लखीमपुर।

- शाहजहांपुर : शाम 05 :00 बजे देहरादून डिपो, 04 :30 शाम गोला डिपो, 08 :30 रात एसी बस कौशांबी डिपो
- बरेली- 03 :00 बजे बरेली डिपो
- दिल्ली- 08 :00 व 09 :00 बजे रात सीतापुर डिपो
- पूछतांछ केंद्र-05872, 272623

**नमर्जी अनुसार हो रहा बस संचालन :** लखनऊ तक जाने वाली गोला, पीलीभीत डिपो की बसों का संचालन परिचालक अपनी मनमर्जी के अनुसार करते हैं। पीलीभीत की सभी और गोला की अधिकतर बसें बाईपास होकर निकल जाती हैं। वहीं कुछ परिचालक बसों को डिपो तक न लाकर सौजन्या और गुरु गोविंद सिंह चौक से ही बसों को मोड़ लेते हैं। ऐसे में यात्री इनके इंतजार में बस अड्डे पर ही खड़े रह जाते हैं।

| कहां के लिए किस समय है बस | |
|---|---|
| स्टेशन | समय |
| लखनऊ | सुबह 04 :00 बजे |
| खमरिया | सुबह 04 :30 बजे |
| धौरहरा | सुबह 05 :30 बजे |
| शाहजहांपुर | सुबह 06 :30 बजे |
| **लखीमपुर से अंतिम बस** | |
| लखनऊ | 07 :30 बजे रात |
| गोला डिपो | 09 :00 बजे रात |
| खमरिया | 07 :30 रात |
| धौरहरा | 06 :00 शाम |
| गोला | 08 :00 रात |

### गोला व शाहजहांपुर के यात्रियों को हो रही दिक्कत

शाहजहांपुर तक के लिए बस न होने के कारण गोला और मोहम्मदी जाने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बस अड्डे से एलआरपी और छाउछ चौराहे की दौड़ भी काम नहीं आती। बसें न मिलने पर अन्य सवारी वाहनों के सहारे ही सफर पूरा करना पड़ता है। शाम के समय रोडवेज बसों की कमी से डग्गामार बसों और वाहनों की कमाई हो रही है।



गोला निवासी हिमांशु गुप्ता बताते हैं कि लखीमपुर डिपो से छोटी काशी गोला के लिए रात के समय सात बजे के बाद रोडवेज की कोई बस नहीं है। सिर्फ कहने के लिए आठ बजे अंतिम बस है, जो समय से पहले ही निकल जाती है।



गोला निवासी श्याम कुमार का कहना है कि शाम के समय गोला, मोहम्मदी और शाहजहांपुर के लिए को बस नहीं है। सिर्फ डिपो की समय सारिणी में ही आठ बजे गोला के लिए बस है। एलआरपी जाकर बस पकड़नी पड़ती है।



डिपो में सभी अनुबंधित बसें हैं। सभी निर्धारित किलोमीटर के अनुसार संचालित होती हैं। लखनऊ और खमरिया के लिए रात साढ़े सात, गोला के लिए रात आठ बजे के बाद डिपो की कोई बस नहीं है। हालांकि गोला डिपो की बसें लखनऊ से वापस होकर गोला जाती हैं। इन बसों के एलआरपी होकर निकलने की सूचना मिली है। डिपो तक भिजवाकर इनकी इंट्री करवाने के लिए गोला एआरएम को पत्र लिखा जाएगा। **-मुकेश मेहरोत्रा**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर डिपो

# एडीओ से मिलीं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं

संवाददाता, निघासन

- बैंक खातों से धोखाधड़ी कर सवा छह लाख निकालने का मामल
- थाने और ब्लॉक के चक्कर काटने के बाद भी नहीं हो पा रही कार्रवाई

**अमृत विचार:** विकास खंड रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत तेलियार में छह स्वयं सहायता समूहों के बैंक खातों से धोखाधड़ी कर सवा छह लाख रुपये निकाले जाने के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे समूह की महिलाओं में रोष है। तमाम महिलाएं ब्लॉक कार्यालय पहुंचीं और एडीओ आईएसबी से मिलकर कार्रवाई की मांग की।

फरवरी में छह स्वयं सहायता समूहों की करीब 72 महिलाएं पढुआ थाना पहुंचीं और समूह की दो सखियों पर धोखाधड़ी कर समूहों के बैंक खातों से 6 लाख 24 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया था। पुलिस को दी गई तहरीर में कहा था कि उनके गांव तेलियार और बोकरिहा में पूजा, संतोष सिंह, सीता, जय मां काली और लक्ष्मी देवी आदि के नाम से स्वयं सहायता समूह संचालित है। जिनके बैंक अकाउंट से दो समूह सखियों ने समूह में शामिल 72 महिलाओं के खाते से धोखाधड़ी कर 6 लाख 24 हजार रुपये निकाल लिए हैं। आरोप है कि वह एक माह से थाना और ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

महिलाओं ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर एडीओ आईएसबी अनुज कुमार अवस्थी से मुलाकात की और समूह की आरोपी सखियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। एडीओ आईएसबी अनुज कुमार अवस्थी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है। जांच के बाद शीघ्र ही मामले का निस्तारण किया जाएगा। यदि धोखाधड़ी का मामला सामने आया तो समूहों के बैंक अकाउंट में रकम जमा करवा कर आरोपी सखियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा में ही है महिलाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भाजपा की ओर से मंगलवार को महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन यात्रा स्कूटी, बाइक रैली निकाली गई। रैली को जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने पार्टी का झंडा दिखाकर रवाना किया। प्रमुख मार्गों से होकर निकली रैली का समापन हीरालाल धर्मशाला चौराहे पर हुआ। कहा कि महिला शक्ति का सम्मान भाजपा में ही है।

अर्बन बैंक की पूर्व अध्यक्ष व महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहा कि महिला शक्ति का सम्मान और उनके विकास को लेकर सिर्फ भाजपा ही चिंतित है। महिलाओं के हित के लिए पीएम मोदी ने तमाम योजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आरक्षण लागू किया है। रैली की संयोजिका जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी ने कहा महिलाओं के लिए पीएम उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना सहित प्रधानमंत्री आवास में महिलाओं को प्राथमिकता देकर समाज में आगे बढ़ाने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में महिलाएं मोदी को वोट देकर एक बार फिर से मोदी सरकार बनाएगीं। रैली में रचना शुक्ला, उमा राज, मीनू गुप्ता, मोनिका बाजपेई, कीर्ति शुक्ला, अंजू सैनी, लता भारती, संध्या वाजपेयी आदि ने हिस्सा लिया।



भाजपा की महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन यात्रा निकालतीं महिलाएं। • अमृत विचार

- महिलाओं ने शहर में निकाली नारी शक्ति वंदन रैली

## बाबा गौरी शंकर मंदिर में रुद्र महायज्ञ का आरंभ

**बेहजम, अमृत विचार :** पौराणिक बाबा गौरीशंकर मंदिर पर सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का आरंभ मंगलवार को हो गया। पवनेश महाराज का बाबा गौरी शंकर मंदिर विकास सेवा समिति ने स्वागत व मंच पूजन किया। कथावाचक पवनेश महाराज ने शिव कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव अपने भक्तों से जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं। भोले नाथ को देवता, असुर सभी पूजते हैं। पूरे आस्था विश्वास से पूजो तो सब कुछ प्राप्त होता है। शिव कथा व धर्म की व्याख्या करते हुए कहा की सत्य के शिवाय और कोई धर्म नहीं है। इस दौरान संजय अवस्थी, अमन रस्तोगी, रूपेश कुमार मिश्र, शिवांश अवस्थी, अभिचल मिश्र, संतोष अवस्थी, आदर्श मिश्रा आदि रहे।

# पांच बर्षीया बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पुलिस पर आरोपी को पकड़कर छोड़ने का आरोप, पीड़िता की मां ने एसपी को तहरीर देकर की शिकायत

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली की पुलिस चौकी एलआरपी क्षेत्र में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां का कहना है कि उसने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया था, लेकिन बाद में उसे राजनीतिक दबाव में छोड़ दिया। उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सदर कोतवाली की एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र की एक महिला मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंची। पीड़ित महिला ने एसपी गणेश प्रसाद साहा को तहरीर देकर बताया कि वह दूसरों के घरों पर जाकर घरेलू काम करती है। वह एक मार्च 2024 रात करीब आठ बजे काम करने गई थी। घर पर उसकी पांच साल की पुत्री थी।

गांव का युवक पुत्री को अकेला पाकर घर में घुस आया। मुंह दबाकर उसकी पुत्री को उठा ले गया और दुष्कर्म की कोशिश की। पुत्री जब रोने लगी तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। तब आरोपी पुत्री को छोड़कर भाग गया। वह जब काम कर घर वापस आई तो पुत्री ने घटना बताई। वह पुत्री को लेकर एलआरपी चौकी गई और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वान दिया था। पुलिस आरोपी को पकड़कर चौकी लाई और उसे कुछ देर बाद छोड़ दिया। आरोप है कि पुलिस ने न तो घटना की रिपोर्ट दर्ज की और न ही उसकी पुत्री का मेडिकल परीक्षण कराया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक सदर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़िता के पिता ने तहरीर बदलवाने का लगाया आरोप

सिंगाही। थाना क्षेत्र में रविवार की शाम 13 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामले में पीड़िता के पिता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उसने जो पुलिस को तहरीर दी वह पुलिस ने नहीं ली। पुलिस ने अपने मनमाफिक तहरीर लिखवाई। आरोप है कि उसकी पुत्री के साथ दो युवकों ने घिनौनी हरकत थी, लेकिन पुलिस ने एक ही आरोपी का नाम तहरीर में लिखवाया और उसका जबरन अंगूठा लगवा लिया। उधर, ग्रामीणों में भी तहरीर बदलने और एक आरोपी का नाम हटाने से से रोष है। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पीड़िता और उसके परिजनों से भी बात की। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है। उधर, प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि पिता ने जो तहरीर दी है उसी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है, लेकिन अभी मेडिकल की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। इसलिए अभी कुछ भी कह पाना संभव नहीं है।

# बीयर केन के साथ गोला अधीक्षक का फोटो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीएमओ ने की कार्रवाई
- कार्यालय से संबद्ध कर जांच के लिए गठित की टीम

**अमृत विचार:** गोला सीएचसी अधीक्षक का बीयर की केन के साथ मंगलवार को फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसे उप मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को भी ट्वीट कर दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर सीएमओ ने गोला अधीक्षक को कार्यालय से संबंध किया है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक साथ कई फोटो वायरल हुए, जिसमें एक युवक बीयर केन के साथ सड़क पर मौजूद है। यह फोटो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार का बताया जाता है।

सोशल मीडिया पर वायरल फोटो स्वास्थ्य मंत्री तक को ट्वीट कर दिया गया। इसका संज्ञान लेकर स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सीएमओ को जांच कराकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिस पर सीएमओ ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर अधीक्षक को कार्यालय से संबद्ध कर लिया है। वहीं इस बाबत सीएचसी गोला के अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार का कहना है कि यह वीडियो उनका है, जो काफी समय पहले किसी समारोह का है। किसी ने साजिशन इस वीडियो को वायरल किया है।

अधीक्षक को सीएचसी से हटाकर कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर सात दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। जांच आख्या मिलने के बाद अधीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी द्वारा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। **-डॉ. संतोष गुप्ता**, सीएमओ।

## गृह विज्ञान में 1039 व भूगोल के पेपर में 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के तहत मंगलवार को पहली पाली में हाईस्कूल के गृह विज्ञान और दूसरी पाली में हाईस्कूल के कंप्यूटर एवं इंटरमीडिएट के भूगोल विषय की परीक्षा हुई। इसमें कुल 1134 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

डीआईओएस कार्यालय पर बने कंट्रोल रूम प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पहली पाली में हाईस्कूल के गृह विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इसमें 18303 छात्राएं पंजीकृत थी। इसमें से 17264 छात्राओं ने पेपर दिया और 1039 अनुपस्थित रहीं। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल के कंप्यूटर और इंटरमीडिएट के भूगोल विषय की परीक्षा हुई। कंप्यूटर के पेपर में पंजीकृत 1496 के सापेक्ष 1458 उपस्थित और 38 अनुपस्थित रहे। जबकि भूगोल विषय की परीक्षा में पंजीकृत 1817 के बजाय परीक्षा में 1760 परीक्षार्थी शामिल हुए और 57 गैर हाजिर रहे।

# देर से पहुंचा आदेश तो घटा किराया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पहली तारीख से घटना था लेकिन फीडिंग के बाद भी वसूला जा रहा अधिक किराया

**अमृत विचार:** कोरोना संक्रमण के बाद से पैसेंजर ट्रेनों में भी वसूले जा रहे मेल किराए को रेल प्रशासन ने पहली मार्च से कम करने का आदेश दिया था। बुकिंग विंडो के कंप्यूटरों में पूर्व की भांति पैसेंजर ट्रेन का किराया फीड भी हो गया था, लेकिन स्थानीय रेलवे स्टेशन सहित जिले की सभी स्टेशनों पर आदेश न पहुंचने के कारण मेल का ही किराया लिया जा रहा था। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सोमवार की रात आदेश आने के बाद मंगलवार से पैसेंजर ट्रेन के लिए सामान्य टिकट की सुविधा बहाल कर दी गई है। इससे यात्रियों को राहत मिली है।

बता दें कि अब तक यात्रियों को पैसेंजर ट्रेन में सफर करने के लिए एक्सप्रेस का किराया देना पड़ता था। अब मुसाफिरों को न्यूनतम किराये के लिए 30 की जगह 10 रुपये अदा करने होंगे। मंगलवार से इस पर अमल होना शुरू हो गया। इससे या यात्रियों को न्यूनतम 10 रुपये में सफर करने की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। इससे रोजाना सफर करने वाले करीब दो हजार मुसाफिरों को राहत मिलेगी। सामान्य टिकट की सुविधा बहाल होने से यात्रियों को न्यूनतम टिकट पर कम से कम 20 रुपये की राहत मिलेगी।

### रेलवे के पत्र को लेकर अभी भी असमंजस

रेलवे की ओर से जो पत्र जारी हुआ है उस पर किराया कम करने का स्पष्ट आदेश नहीं है। पत्र स्पष्ट न होने और विभागीय अधिकारियों की ओर से आदेश न जारी न होने से स्थानीय जिम्मेदार कम किराये का टिकट जारी करने से बचते रहे। हालांकि देर आए दुरुस्त की तरह मंगलवार से कम कीमत के टिकट का वितरण शुरू हो गया, यदि जिम्मेदार दो मार्च को ही सजगता दिखाते तो यात्रियों को तीन दिन पहले ही सस्ते टिकट की सौगात मिलने लगती।

| इन पैसेंजर ट्रेनों का घटा किराया | | |
|---|---|---|
| संख्या | कहां से कहां तक | समय |
| 15087 | मैलानी से डालीगंज | 06 :14 |
| 15085 | मैलानी से डालीगंज | 12 :09 |
| 15491 | मैलानी से सीतापुर | 15 :19 |
| 15493 | शाहगढ से डालीगंज | 20 :34 |
| 15086 | लखनऊ से शाहगढ | 09 :55 |
| 15494 | डालीगंज से मैलानी | 11 :21 |
| 15492 | सीतापुर से मैलानी | 19 :54 |
| 15088 | डालीगंज से मैलानी | 21 :39 |

सोमवार शाम को आदेश मिलने के बाद मंगलवार सुबह से सामान्य टिकट की सुविधा बहाल कर दी गई है। इससे यात्रियों को पैसेंजर ट्रेनों में न्यूनतम किराया 10 रुपये अदा करना होगा। **-आशुतोष गुप्ता**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ।




# विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान विधायक ने किया शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** ''विकसित भारत मोदी की गारंटी'' अभियान का आरंभ मंगलवार को किया गया। हीरालाल धर्मशाला चौराहे पर भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा ने आकांक्षा पेटी का फीता काटकर शुरुआत की। यह अभियान 15 मार्च तक चलेगा।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि भाजपा जनता के लिए कार्य करती है। उनके सुझावों को अपने संकल्प पत्र में भी शामिल करेगी। अच्छे सुझाव को लिखकर इस आकांक्षा पेटी में डालें। खीरी सांसद केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा संजय ने बताया कि अभियान के तहत जिलेमें करीब पांच हजार सुझाव पेटियां गांव-गांव तक पहुंचाई जाएंगी। इन पेटिकाओं के माध्यम से लोग देश व प्रदेश को विकसित बनाने के लिए अपने सुझाव लिखित रूप से दे सकेंगे। इसके अतिरिक्त एक एलईडी वैन भी चलाई जाएगी, जो प्रत्येक मंडल में एक-एक दिन भ्रमण कर लोगों के सुझाव एकत्र करेगी। साथ ही लोग अपने सुझाव नमो एप, सफल एप या 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिये भी दे सकते हैं। इन सुझावों के आधार पर ही भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में अपना संकल्प पत्र प्रस्तुत करेगी। यह अपने आप में एक अनूठी पहल है। हर चुनाव में राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हैं, लेकिन इस बार भाजपा का संकल्प पत्र जनता के सुझाव पर तय होगा। यह अभियान 15 मार्च तक प्रदेश में चलने के बाद देश के अन्य प्रदेशों में भी चलाया जाएगा। भाजपा ज्यादा से ज्यादा लोगों से सुझाव को ध्यान में रखकर अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, उमेश शुक्ला, रमेशचंद मिश्रा, दीपक पुरी आदि रहे।

मितौली। ब्लॉक प्रमुख सभागार में एक बैठक भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त राशन व प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने का काम किया है। जल जीवन मिशन के तहत घरों में स्वच्छ जल की आपूर्ति की गई है। देश में जनधन खाताधारकों को बैंकिंग से जोड़ा गया है। विधायक ने रखी गई आकांक्षा पेटी में नागरिकों से विचार पत्रक डालने का अनुरोध किया। इस दौरान सर्वेश सिंह, सुरेश कुमार वर्मा, जितेंद्र शुक्ला आदि रहे।




हीरालाल धर्मशाला ओवरब्रिज के नीचे रखी गई आकांक्षा पेटिका में सुझाव डालता युवक साथ में मौजूद सदर विधायक योगेश वर्मा। • अमृत विचार

- हीरालाल धर्मशाला चौराहे पर आकांक्षा पेटी का फीता काटकर की शुरुआत




नीलकंठ मैदान में आकांक्षा पेटी का लोकार्पण करते नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू।

### नीलकंठ मैदान में रखी गई आकांक्षा पेटी

गोला गोकर्णनाथ। गोला विधानसभा के नीलकंठ मैदान में कार्यक्रम संयोजक कुलदीप वर्मा ने आकांक्षा पेटी को रखा, जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने फीता काटकर किया। नगर पालिका में हुई प्रेस वार्ता में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने बताया कि तीसरी बार मोदी की सरकार बनने जा रही है। इसके लिए लोगों से सुझाव और मार्गदर्शन आकांक्षा पेटी के माध्यम से मांगे गए हैं, जिसमें कोई भी बात, सुझाव और मार्गदर्शन को पत्र के माध्यम से लिखकर आकांक्षा पेटी में डालकर अपनी बात पहुंचा सकते हैं। उचित मार्गदर्शन को पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। इस दौरान रविंद्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, अनुज वर्मा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, मनोज बाथम, अरविंद मिश्रा, प्रदीप खतौलिया आदि मौजूद रहे।

## महिला के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

**बग्घून, अमृत विचार:** कोतवाली मैगलगंज क्षेत्र के गांव ककरहा में सोमवार रात के लगभग 10 बजे कुछ लोगों ने एक गरीब महिला के घर में घुसकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।

जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली मैगलगंज में प्रार्थना पत्र दिया, उसके बावजूद पुलिस ने पीड़ित महिला का डॉक्टरी परीक्षण नहीं कराया और न ही रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों पर कार्रवाई न हुई तो वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास न्याय मांगने जाएगी, जहां भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराने की भी मांग करेगी। कोतवाल मैगलगंज के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया, लेकिन कोतवाल ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

ममरी। गोला मोहम्मदी रोड पर सोमवार की रात ग्राम धिरावां मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारगंज निवासी रामचंद्र का पुत्र हितेश कुमार (26) सोमवार की रात बाइक से गोला से वापस घर जा रहा था। धिरावा मोड़ पर सामने से आ रहे तेज गति के वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित भागने में सफल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी गोला पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पंजाब नेशनल बैंक के बाहर से बाइक चोरी

गोला गोकर्णनाथ। नगर की मोहम्मदी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लेनदेन करने आए ग्राहक की बाइक चोरी हो गई। तहरीर पुलिस को दी गई है। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदिया निवासी शिवकुमार सोमवार को नगर की मोहम्मदी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में लेन देन करने आए थे। वह बाइक खड़ी कर अंदर चले गए और कुछ समय बाद जब बाहर निकले तो उनकी सुपर स्प्लेंडर बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब पता नहीं चला तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें बाइक को ले जाते हुए एक व्यक्ति दिखाई पड़ रहा है। बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रेमिका से अवैध संबंधों के शक में की गई रामबरन की हत्या

## तीन हफ्ते चली जांच के बाद पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

संवाददाता, मोहम्मदी



गिरफ्त में रामबरन हत्याकांड के आरोपी।

- मेडिकल की प्रैक्टिस करता था गांव मोहम्मदपुर कामी निवासी रामबरन

**अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में हुए रामबरन यादव हत्याकांड का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि रामबरन की हत्या शाहजहांपुर के युवक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर अपनी प्रेमिका से अवैध संबंधों के शक में की थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त छूरी भी बरामद की है।

गांव मोहम्मदपुर कामी निवासी रामबरन यादव (30) मेडिकल की प्रैक्टिस करता था और मोहम्मदी में एक मैरिज लॉन में कमरा किराए पर लेकर रहता था। 10 फरवरी 24 की देर शाम वह मोहम्मदी के कबीर अस्पताल से काम निपटाकर बाइक से देर शाम वापस अपने गांव जा रहा था। गांव बौंआ के पास हत्यारों ने उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। उसके नाखून भी निकाल दिए और उसकी दोनों हथेलियां भी छिन्न-भिन्न कर दीं थीं। अगले दिन सुबह उसका शव गांव बौंआ के पश्चिम पुलिया के पास खंदक में पड़ा मिला था। पुलिस ने मृतक के पिता छोटेलाल यादव की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की जांच प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह कर रहे थे।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे से कुछ फुटेज प्राप्त हुए, जिनके आधार पर पुलिस ने जांच तेज की। साथ ही सर्विलांस की मदद से आसपास के मोबाइल के बीटीएस खंगाले गए। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की जांच में सामने आए तथ्य आपस में मेल खाने लगे। इस पर पुलिस ने जब जांच आगे बढ़ाई तो हत्याकांड की कड़ी जुड़ती चली गई। उन्होंने मंगलवार को पुवांया बैरियर पर पान के खोखे के पास से मनोज निवासी गुदनी मजरा थाना पुवायां (शाहजहांपुर) हाल पता गांव बौआ थाना मोहम्मदी और लौकीखेड़ा मोहम्मदी निवासी पंकज राज को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त छूरी भी बरामद की है। बकौल प्रभारी निरीक्षक, आरोपी मनोज ने पुलिस को बताया कि उसका एक युवती से प्रेस-प्रसंग चल रहा था। रामबरन यादव भी उसी युवती से बातचीत करने लगा। इस पर युवती ने मनोज से बात करना कम कर दिया था। उसे शक था कि रामबरन ने उसकी प्रेमिका से अवैध संबंध भी बनाए हैं। इसी वजह से उसने अपने साथी पंकज राज के सहयोग से उसकी गला रेत कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## सीएचसी व पीएचसी पर हो रहा वार्डों का निर्माण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा रहा है। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड बनवाए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जा सके। जिले की तीन सीएचसी में 20 बेड और चार पीएचसी में छह बेड के वार्ड बनेंगे।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को भर्ती करने की सुविधा है। मगर, कभी कभार मरीजों की संख्या अधिक होने पर असुविधा होती है। इसलिए सीएचसी से लेकर पीएचसी पर वार्ड बनवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीएचसी नकहा, बेहजम एवं निघासन में 20 बेड के वार्ड निर्माण हो रहा है। इसके अलावा पीएचसी ककरहा, संडिलवा, खागी ओयल, मूड़ा बुजुर्ग एवं ढखेरवा नानकार में छह- छह बेड के वार्ड बनवाए जा रहे हैं। इससे मरीजों को भर्ती कर बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ सीएचसी बेहजम के अमघट में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। इनके बनने से ग्रामीण क्षेत्र की सुविधाएं और बेहतर होंगी।

# बाघ की लोकेशन ट्रेस करने को लगाए चार ट्रिपिंग कैमरे



राणा फार्म के पास कैमरे लगाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ममरी

**अमृत विचार:** महेशपुर रेंज के गांवों में हो रहे बाघ के हमलों की लोकेशन ट्रेस करने के लिए दक्षिण खीरी वन प्रभाग की मोहम्मदी वन क्षेत्र में चार कैमरे लगाए गए हैं।

ग्राम बोझबा निवासी मजदूर मातादीन (40) और ग्राम हरीनगर निवासी मजदूर मुकेश पर हमला करने वाले बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए राणा फॉर्म के आसपास वन कर्मियों ने चार ट्रिपिंग कैमरे लगवाए हैं। फार्म स्वामी ने बताया कि 28 फरवरी को बाघ ने गन्ने की छिलाई करते वक्त ग्राम बोझवा निवासी मजदूर मातादीन और 29 फरवरी को ट्राली में गन्ना भरते वक्त ग्राम हरीनगर निवासी मजदूर मुकेश कुमार पर हमला करके गंभीर घायल कर दिया था। तब से अब तक बाघ अपना ठिकाना गन्ने में बनाए हुए हैं। जिसके डर से मजदूर गन्ने की छिलाई करने से घबरा रहे हैं। जिससे उनकी खेती चौपट हो रही है। रेंजर नरेशपाल सिंह ने बताया कि फार्म स्वामी के आग्रह पर फॉरेस्टर रोहित श्रीवास्तव, माया प्रकाश, नरेंद्र वर्मा आदि वनकर्मियों को मौके पर भेजकर बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए फार्म के आसपास चार ट्रिपिंग कैमरे लगाकर वन कर्मियों की टीम बाघ की निगरानी में लगा दी गई है। उधर, जिला चिकित्सालय में भर्ती मजदूरों की हालत अब खतरे से बाहर है।

## महर्षि दयानंद की आज मनेगी द्विजन्म शताब्दी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** आर्य समाज के संस्थापक भारतीय नव जागरण के पुरोधा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती छह मार्च बुधवार को खुटार रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में मनाई जाएगी। आर्य समाज के पदाधिकारी ने बताया कि जयंती समारोह में प्रातःकाल 10 बजे यज्ञ और प्रसाद वितरण किया जाएगा। आर्य समाज के वक्ताओं द्वारा महर्षि दयानंद के संबंध में विचार प्रस्तुत किए जाएंगे।

## ऋषि आश्रम में महाशिवरात्रि पर होगा शिवार्चन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि का पर्व आठ मार्च को है। इसको लेकर छोटी काशी के ऋषि आश्रम में तैयारियां शुरू हो गई हैं। आचार्य पं. राजेश मिश्र ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर 151 पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक शिवार्चन कार्यक्रम का आयोजन छोटी काशी गोला की पंजाबी कॉलोनी स्थित ऋषि आश्रम में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शुक्रवार को सुबह 09:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## शिविर में 250 पशुओं का किया गया इलाज



खखरौला के सीसवारी गांव में लगे शिविर में पशु का इलाज करती एसएसबी की महिला पशु चिकित्सक टीम।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एसएसबी तृतीय वाहिनी की ओर से मंगलवार को खखरौला क्षेत्र के गांव सीसवारी एवं रायपुर में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया। इसमें 250 पशुओं को इलाज किया गया। उप कमांडेंट पशु चिकित्सा डॉ.. पूजा फर्सवाण ने बताया कि शिविर का आयोजन नागरिक कल्याण कार्यक्रम के खखरौला चौकी क्षेत्र के गांव सीसवारी व रायपुर में हुआ। इसमें कुल 250 मवेशियों का निःशुल्क उपचार कर दवाएं दी गई। शिविर में चौकी प्रभारी निरीक्षक सामान्य प्रमोद कुमार राय सहित आदि मौजूद रहे।

# 4.51 करोड़ से कठिना नदी पर बनेगा दो लेन का पुल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पुल का निर्माण होने से 2.45 लाख आबादी को होगा फायदा
- पीडब्ल्यूडी मंत्री ने आवागमन की सुविधा के लिए की पहल



जितिन प्रसाद, पीडब्ल्यूडी मंत्री।

**अमृत विचार:** पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने जिले की विधानसभा कस्ता अंतर्गत ब्लॉक मितौली में लोहियापुरवा के निकट कठिना नदी के लोहिया घाट पर दो लेन नदी पुल के निर्माण का 14.51 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे 2.45 लाख लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित सेतु के बन जाने से स्थानीय लोगों का आवागमन सुचारु रूप से होगा एवं किसान अपनी फसल को सीधे जनपद मुख्यालय तक आसानी से ले जा सकेंगे।

स्थानीय जनता को बाजार, मंडी, कार्यालय आदि स्थलों पर पहुंचने में आसानी होगी और विद्यार्थियों को स्कूल एवं कॉलेज पहुंचने में सुगमता होगी। पुल निर्माण से क्षेत्र की लगभग 2.45 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। इस पुल की लंबाई 90.23 मीटर होगी। लोहियापुरवा के निकट पुल का निर्माण हो जाने से कस्ता-मितौली मार्ग सीधे लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग से जुड़ जाएगा। वर्तमान में इस स्थल पर रपटा सेतु बना हुआ है। बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ जाने के बाढ आ जाती है और रपटा पुल से आवागमन बंद हो जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। लोगों को नाव आदि का सहारा लेना पड़ता है। वहीं स्थानीय नागरिकों को लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग होते हुए लगभग 25 से 30 किलोमीटर अधिक दूरी का फेरा काटकर जाना पड़ता है।

# लोकसभा चुनाव के दौरान बैंक खातों और नगदी लाने-ले जाने पर रहेगी नजर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

- उड़नदस्ता, निगरानी और वीडियो सर्विलांस टीमों को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव खर्च पर नजर रखने के लिए टीमों को प्रशिक्षण देकर बारीकियां समझा दी गई हैं। चुनाव के दौरान बैंक खातों से लेकर रुपयों के लाने और ले जाने पर भी टीमों की नजर रहेगी। चुनाव में धनबल की रोकथाम के लिए हर पहलू पर बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया है।

लोकसभा चुनाव में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के लिए डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले में गठित उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, वीडियो निगरानी टीम, मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने को विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। निर्वाचन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर बारीकियां भी बताईं। चुनाव से संबंधित विभिन्न एप संचालन के बारे में बताया। निर्वाचन में अवरोध उत्पन्न करने वाले परिवहन, वस्तुओं का ट्रांसपोर्टेशन, ड्रग विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग आदि के दायित्व के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हर एक केस का क्या फॉरमेट है, क्या विवरण अंकित करना है आदि का प्रशिक्षण दिया गया। संदेहास्पद वस्तुओं को पकड़ने व सीज करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैंक खातों पर निगरानी कैसे की जाएगी, सतर्कता कैसे रखी जाएगी आदि पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उड़नदस्ता, स्थायी निगरानी, वीडियो सर्विलांस, वीडियो अवलोकन आदि टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के कर्तव्यों व जवाबदेही को प्रशिक्षण के माध्यम से निश्चित किया गया।

# दिव्यांगों की हर समस्या का होगा समाधान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में दिव्यांग यूनियन की बैठक में मौजूद दिव्यांग। ● अमृत विचार

- भारतीय दिव्यांग यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार:** दिव्यांगों की समस्याओं का समय से समाधान न होने पर हताश दिव्यांगों का हौसला बढ़ाने के लिए भारतीय दिव्यांग यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान प्रताप ने ब्लॉक कुंभी गोला के सभागार में बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। उनकी हर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

भारतीय दिव्यांग यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू कश्यप ने कि कहा कि दिव्यांग देश के लिए अनमोल हैं और किसी से कम नहीं हैं। किसी दिव्यांग को कोई भी समस्या हो तो वह सूचित करें। सब मिलकर उसकी समस्या का समाधान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान प्रताप ने दिव्यांगों से कहा कि आत्महत्या करना अंतिम विकल्प नहीं है। जीवन में घट रही घटनाएं, समस्याएं स्थाई नहीं हैं। सभी समस्याओं का हल है तथा सभी का पूरा जीवन ही संघर्ष पूर्ण है। तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि एकजुट रहकर ही सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है। ब्लॉक सभागार में भारतीय दिव्यांग यूनियन तहसील गोला के पदाधिकारी तिलकराम वर्मा, रियाजुद्दीन इदरीसी सभासद वार्ड 14, मिथिलेश कुमार, अमित कुमार, संजेश कुमार, करुणेश त्रिवेदी, हाफिज मोहम्मद यासीन राजा, द्रव्यापाल, सर्वेश कुमार, ओमप्रकाश, राजेश, राजेश मौर्य, सर्वेश कुमार, धर्मेंद्र, बलराम राही, रामदयाल, इंद्रजीत, सुरेंद्र कुमार, रीमा देवी, आरती, बबली, माया देवी, पुष्पा आदि दिव्यांग मौजूद रहे।

## गोवंश सुपुर्दगी के लिए चल रहा 10 दिवसीय विशेष अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- डीएम के निर्देश पर कार्मिकों ने झोंकी ताकत, कर रहे जागरूक
- योजना के तहत एक व्यक्ति को चार गोवंश पालने के लिए मिलेंगे

**अमृत विचार:** निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मंगलवार को मितौली विकास क्षेत्र की सिरसा गो आश्रय स्थल में नागरिकों को प्रेरित करते हुए 15 व्यक्तियों को 20 गाय (गोवंश) सुपुर्द की गईं। नकहा ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी की अगुवाई में 60 गोवंश सुपुर्दगी में दिए गए। विकास खंड ईसानगर क्षेत्र अंतर्गत अस्थायी गौ आश्रय स्थल महरिया में ग्राम सचिव और प्रधान की अगुवाई में विशेष अभियान के तहत सुपुर्दगी योजना में गोवंश दिए गए। प्रशासन सुपुर्दगी योजना के तहत न केवल लोगों को जागरूक कर रहा है, बल्कि निराश्रित गोवंशों को सुपुर्दगी में दे रहा है। जिले की सभी15 विकास खंडों में तैनात पंचायत सचिवों के माध्यम से निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन दिए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत एक व्यक्ति को अधिकतम चार गोवंश पालने के लिए मिलेंगे। इन पशुओं में ईयर टैग अनिवार्य होगा।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# माता-पिता को कमरे में बंद कर तीन युवकों के साथ गई युवती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- आरोपियों ने युवती की मां को पीटा अश्लील हरकतें करने का भी आरोप

**अमृत विचार:** शहर निवासी एक युवती ने अपने तीन युवक साथियों की मदद से माता-पिता को कमरे में बंद कर दिया और अलमारी में रखे पांच लाख के जेवर लेकर युवकों के साथ भाग गई। युवती की मां का आरोप है कि जब विरोध किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट व अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> पीड़ित महिला ने अपनी पुत्री और तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी है, जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रकरण की जांच की जांच की जा रही है। -अंबर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, सदर कोतवाली

शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि दो मार्च की वह और उसके पति नीलेश दीक्षित घर में सो रहे थे। इस बीच उसकी पुत्री की मिली भगत से शोभित श्रीवास्तव, विश्वमोहन उर्फ मोनू श्रीवास्तव, रोहित कुमार निवासी सुंदरपुरम रात करीब दो बजे घर में घुस आए। सो रहे उसके पति को घर के कमरे मे बंद कर दिया। घर की अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें रखे करीब 5 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। खटपट की आवाज सुनकर जब उसकी की आंख खुली तो आरोपी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर शोभित श्रीवास्तव ने हाथ पकड़ लिया। विश्वमोहन श्रीवास्तव उर्फ मोनू व रोहित कुमार ने छेड़छाड़ कीं। चीख-पुकार होने पर उसे भी कमरे में बंद कर दिया और पुत्री समेत सभी आरोपी भाग गये। सुबह जब देवर घर आया तो महिला व उसके पति को दरवाजा खोलकर कमरे से बाहर निकाला।


# लखनऊ में भर्ती घायल गर्भवती रुखसाना और उसके पुत्र की मौत

## बस और ई-रिक्शा की भिड़ंत में सोमवार को महिला, युवती समेत तीन साल की बच्ची की चली गई थी जान, दो घायलों का चल रहा है इलाज

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में सोमवार की शाम गांव दिलावर मोड़ के पास रोडवेज की अनुबंधित बस और ई-रिक्शा की टक्कर में मंगलवार को घायल मां और बेटे की भी मौत हो गई, जबकि घटना के दिन ही तीन लोगों की मौत हो गई थी। इससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब पांच हो गई है। चालक समेत दो घायलों का इलाज चल रहा है।

हादसा सोमवार को मोहम्मदी-गोला मार्ग पर हुआ था। दिलावरपुर के पास अनुबंधित बस सामने से आ रही अनुबंधित बस ने सवारियां भरकर जा रहे ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी, इससे ई-रिक्शा सवार बलिया के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन साल की आलिया और रवीना (21) ने शाहजहांपुर जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया था। मंगलवार को लखनऊ में भर्ती घायल गर्भवती रुखसाना और उसके पुत्र अरहान (6) की मौत हो गई, जबकि चालक मुजीब और महरुनिशा की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है।


अंत्येष्टि के समय उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार


गांव दिलावरपुर में छाया शोक और तैनात पुलिस। ● अमृत विचार


रोता बिलखता जावेद का बेटा अर्शलान।

मृतक बुचिया देवी गांव दिलावरपुर निवासी अपनी पुत्री के घर आई थी। इसके अलावा ई-रिक्शा सवार सभी मृतक और घायल गांव दिलावरपुर के ही रहने वाले थे। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब पांच पहुंच गई है।

**चार की जगह बैठी थीं छह सवारियां : मोहम्मदी।** नगर क्षेत्र में पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग की मिलीभगत से ई-रिक्शा, मैजिक हो या फिर बसें। इनमें क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाकर चालक फर्राटा भरते हैं। वाहन थाना और चौकियों के सामने से भी गुजरते हैं, लेकिन पुलिस इनके चालकों को रोकती-टोकती नहीं है। न ही कोई कार्रवाई करती है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस विभिन्न मार्गों पर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर दौड़ रहे वाहनों से प्रतिदिन प्रतिवाहन वसूली करती है। सोमवार को अनुबंधित बस की टक्कर से हादसे का शिकार हुए ई-रिक्शा में भी चालक के अलावा छह सवारियां बैठी थीं। इनमें से दो बच्चों समेत पांच लोगों की अब तक मौत हो चुकी है।

### एसडीएम और सीओ ने घायलों का जाना हाल

मोहम्मदी। हादसे के बाद घायलों से मिलने एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह शाहजहांपुर जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। डॉक्टरों से भी उनके स्वास्थ्य ते बारे में जानकारी ली। घायलों को फल वितरित किए। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर उच्च अधिकारियों से बात कर हर संभव मदद करने का परिजनों को आश्वासन दिया।

### पांच मौतों से गांव में मचा कोहराम, छाया मातम

मोहम्मदी। मोहम्मदी-गोला मार्ग पर हुए वीभत्स हादसे में मारे गए तीन साल की बच्ची, युवती और एक महिला का शव पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को गांव लाए गए तो लखनऊ में भर्ती मां-बेटे के भी मरने की खबर आने से कोहराम मच गया। पूरे गांव में मातम छा गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। शव देख गांव के लोग फफक पड़े। तीन घरों में चीख पुकार मची थी। गमगीन माहौल में शवों की अंत्येष्टि की गई। सोमवार को रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी, जिसमें दिलावरपुर निवासी तीन साल की आलिया, रवीना (21) और अपनी पुत्री के घर आई बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौत हो गई थी, जबकि गांव के ही चालक समेत चार लोग घायल हो गए थे। पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव एंबुलेंस से मंगलवार की दोपहर बाद गांव पहुंचे। मृतकों के घरों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आसपास के गांवों के लोग भी दिलावरपुर की तरफ दौड़ पड़े। तीन शव देखकर हरेक व्यक्ति फफक पड़ा। मृतकों के परिवार के लोग विलख रहे थे। उनका करुण क्रंदन देख लोगों की आंखे नम थी। लोग विलख रहे परिवार वालों को दिलाशा दिला रहे थे। भीड़ को देखते हुए सीओ अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, कस्बा प्रभारी बाबूराम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे। गांव का माहौल बेहद गमगीन था। हालत यह थी कि पांच की मौत से पूरा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। कई घरों में मंगलवार को चूल्हे तक नहीं जले। गमगीन माहौल में तीनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### मां, बेटी और पुत्र की हादसे ने ली जान

मोहम्मदी। गांव दिलावरपुर निवासी जावेद का भरा पूरा परिवार था। मोहम्मदी हादसे में उसकी पत्नी रुखसाना, बेटी आलिया और पुत्र अरहान की जान चली गई। इससे उसकी दुनियां ही उजड़ गई। वहीं अब मां, भाई और बहन को खोने वाला उनका आठ साल का बेटा अर्शलान के सिर से मां की ममता का साया उठ गया है। मासूम अर्शलान और उसके पिता जावेद का रो-रोकर बुर हाल है। गांव में शव लाए गए तो अर्शलान को रोते बिलखता देख लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे।

### मां-बेटे के नहीं पहुंचे शव

मोहम्मदी। लखनऊ में इलाज के दौरान हादसे में घायल रुखसाना और उसके पुत्र अरहान (6) की मंगलवार को मौत हो गई थी। दोनों शव शाम तक गांव नहीं पहुंचे थे। दोनों शवों के पोस्टमार्टम के बाद देर रात तक गांव पहुंचने की संभावना है।

## खाटू श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा


खाटू श्याम की निशान यात्रा निकालते भक्त।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा बाबा खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकलकर कंजा देवस्थान पर बने श्याम मंदिर में निशान रखे गए। श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा निशान यात्रा नीलकंठ मैदान से शुरू की गई। श्याम दीवाने हाथों में ध्वज लेकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। यात्रा नीलकंठ मैदान से मोहम्मदी रोड होते हुए कंजा बरम बाबा देवस्थान पर श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची, भक्तों ने बाबा श्याम का गुणगान करते हुए अपने-अपने निशान बाबा के चरणों में अर्पण किए। निशान यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, दिनेश गुप्ता, महामंत्री अजय गुप्ता, मयंक माहेश्वरी, आकाश राजपूत, शिवम गुप्ता, सुमित राठौर आदि सेवादार मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से ससुर-दामाद की मौत


दुर्घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

● **सिकंदराबाद-कस्ता मार्ग पर गांव उमरपुर क्रेसर के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र में उमरपुर क्रेसर के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार ससुर और दामाद की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

मंगलवार की रात करीब नौ बजे सिकंदराबाद-कस्ता मार्ग पर नीमगांव थाना क्षेत्र के भदूरी गांव निवासी रामस्वरूप (60) पुत्र नेतराम घर से अपने दामाद गांव भदूरी के मजरा धूमरा निवासी अनूप कुमार (40) पुत्र रमेश चंद्र के साथ बाइक से गड़रिया चौराहे पर किसी काम से गए थे। वापस आते समय कस्ता की तरफ से आ रहे किसी बड़े अज्ञात वाहन ने टक्कर बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही दोनों के घरों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर नीमगांव एसओ श्रद्धा सिंह, बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता और सिकंदराबाद पुलिस चौकी प्रभारी आशीष सेहरावत फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने भीड़ को समझा बुझाकर हटाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। एसओ ने बताया कि वाहन की तलाश की जा रही है।

## तमंचा, कारतूस बरामद, जिला बदर रहा आरोपी गिरफ्तार

**संसारपुर, अमृत विचारः** थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर के पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत डाटपुर के गांव अंगदपुर निवासी मंगल खां को 12 बोर तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मछोहा तिराहे पर संदिग्धावस्था मे खड़े गांव अंगदपुर निवासी मंगल खां पुत्र अलीजान को गिरफ्त में लिया।

जामा तलाशी के दौरान आरोपी के पास 12 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुई। बताया कि गिरफ्तार आरोपी जिला बदर अपराधी रह चुका है, जिसके विरुद्ध मैलानी थाने में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेज दिया है।

## विद्यार्थी परिषद ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला


गोला में पुतला लेकर प्रदर्शन करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की उठाई मांग**

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के संदेशखा ली में महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म एवं अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

परिषद के पदाधिकारियों ने बंगाल के प्रकरण पर काफी नाराजगी जताते हुए नगरमंत्री आशुतोष मिश्रा ने कहा कि 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखली में सत्तारूढ़ पार्टी के नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों ने नाबालिग लड़कियों, महिलाओं का बलपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में उनके साथ यौन शोषण किया। यह घोर निंदनीय है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने पद से इस्तीफा देने की मांग कर कहा है कि पार्टी के नेताओं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। नाराज कार्यकर्ताओं सीएम ममता बनर्जी का पुतला फूंका और फिर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रत्नाकर मिश्र को सौंपा है। प्रदेश कार्यकारी सदस्य सचिन राज, जिला सहसंयोजक उदय मिश्र, नगर मंत्री आशुतोष मिश्र, तहसील सहसंयोजक अक्षत पांडे, दीपांशु, अमन, अनिकेत, हर्ष, प्रांजल, दीपक, हेमंत, आशीर्वाद, रिशु, साहिल, हर्षित, दिनेश, प्रतूष सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**लखीमपुर खीरी।** पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नाराजगी जताई है। मंगलवार को परिषद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम रेणु मिश्रा को सौंपकर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है। परिषद की जिला संयोजिका लक्ष्मी पांडे ने बताया कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण, उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एक सुनियोजित तरीके से राज्य सरकार द्वारा संरक्षित लोग कर रहे हैं। महिलाओं के साथ दुराचार करने की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में तमाम परिवार पलायन करने के लिए मजबूर हैं। महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। इससे आहत महिलाएं आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। सत्तारूढ़ दल का संरक्षण होने की वजह से राज्य की पुलिस भी कार्रवाई करने से बच रही है। जिला संयोजिका ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की है। इस दौरान कई पदाधिकारी और छात्राएं मौजूद रहीं।

## तारपीन का तेल पीने से युवक गंभीर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मथुरा नगर निवासी मुकेश कुमार (20) ने तारपीन का तेल पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर उसके भाई अनुज कुमार ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर भांप कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## योग शिविर का समापनः विद्यार्थियों को दिए प्रमाणपत्र

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला के सीजीएन पीजी कॉलेज में प्रमाणपत्र दिखाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सीजीएन पीजी कॉलेज में हो रहे सात दिवसीय योग शिविर के समापन पर निरंतर योगाभ्यास करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

महाविद्यालय में हुए समापन समारोह में प्राचार्य प्रो पंकज सिंह ने योग के बारे में बताया कि योग दर्शन षट् दर्शन में एक महत्वपूर्ण दर्शन है, जिसमें योग दर्शन की शुरुआत योग गुरु पतंजलि के माध्यम से हुई, जो 5000 साल पहले उन्होंने इसकी शुरुआत की और योग सूत्र नामक ग्रंथ लिखा, जो आज भी विश्व में बहुत ही मूल्यवान ग्रंथ है जिससे समस्त योग विधाएं निकली है, इसलिए योग सूत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। भूगोल के विभाग अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि योग करने से नियमितता आती है। जीवन में इसके साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य का भी लाभ होता है और सबसे बढ़कर मानसिक शांति मिलती है। महाविद्यालय में योग कैंप 29 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक किया गया। प्रथम दिन सूर्य नमस्कार में बताया गया कि सूर्य से ऊर्जा प्राप्त कर अपने जीवन को जवान बना सकते हैं। दूसरे दिन बताया कि प्राणायाम करने से फेफड़ों से संबंधित सभी बीमारियों को दूर कर सकते हैं। तीसरे दिन मुद्राओं के ज्ञान में शरीर की विभिन्न बीमारियों को मुद्राओं द्वारा ठीक करने की विधि बताई। शिविर में आसन करवाकर उसके लाभ बताए गए। समापन पर अभ्यासन को दोहराया गया।

## पूजन के लिए पार्थिव शिवलिंग बनाने में जुटे मूर्तिकार



**गोला गोकर्णनाथ।** महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक के लिए पार्थिव शिवलिंग बनाये जा रहे हैं। अन्य तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर इस बार 300 जोड़े महारुद्राभिषेक करेंगे। पंडित रामदेव शास्त्री की देखरेख में मां कात्यायनी सेवा समिति द्वारा पौराणिक शिव मंदिर के निकट नीलकंठ मैदान में समाजसेवी अतुल अग्रवाल के सहयोग से महारुद्राभिषेक 21 वेद शास्त्री द्वारा 300 जोड़ों को रुद्राभिषेक कराया जाएगा। रुद्राभिषेक की पूरी पूजन सामग्री समिति के पंडित रामदेव शास्त्री और उनके सहयोगियों द्वारा पूजा स्थल पर ही यजमानों को दी जाएगी। पूजन के लिए पार्थिव शिवलिंग बनाया जाना शुरू कर दिया गया है। आठ मार्च को रात नौ बजे से पूजन शुरू होकर सुबह पांच बजे तक चलेगा। बताया कि नगरवासी इसका लाइव प्रसारण भी घर बैठे देख सकते हैं।

## सीमा अग्रवाल इफको दिल्ली के लिए चुनी गईं डेलीगेट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** 15वें ग्राम सभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन में पलिया कला की सीमा अग्रवाल को इफको दिल्ली के लिए डेलीगेट चुना गया है।

जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की बहन सीमा अग्रवाल को पलिया महिला साकभाजी विपणन सहकारी समिति लिमिटेड सोसाइटी से प्रदेश को इफ्को डेलीगेट भेजी गई थीं। इफको राज्य कार्यालय भवन आठ गोखले मार्ग लखनऊ में हुए 15वें ग्राम सभा सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने सीमा अग्रवाल को इफको लखनऊ से दिल्ली के लिए डेलीगेट चुने जाने पर उन्हें विजयी प्रमाणपत्र दिया है।

## सत्ता का प्रमुख धार्मिक व्यक्ति हो

विधि संवाददाता, बरेली

● **कोर्ट ने अपने आदेश में की टिप्पणी कहा- धार्मिक व्यक्ति के सत्ता की सीट पर बैठने से मिलते हैं अच्छे परिणाम**

**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा खां को शहर में 2010 में हुए दंगे का मास्टरमाइंड मानते हुए तलब करने के आदेश में कोर्ट ने कई टिप्पणियां भी की हैं। आदेश में कहा गया है कि सत्ता का प्रमुख किसी धार्मिक व्यक्ति को होना चाहिए क्योंकि धार्मिक व्यक्ति जीवन का भोग नहीं करता, बल्कि त्याग और समर्पण का जीवन जीता है। महान सिद्धपीठ गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत बाबा योगी आदित्यनाथ इसका उदाहरण हैं जिन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री होते हुए इस अवधारणा को सत्य साबित किया है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई धार्मिक व्यक्ति इसके खिलाफ काम करता है तो कानून-व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जाती है और दंगे होते हैं। इसका उदाहरण तौकीर रजा है।

कोर्ट ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि तौकीर रजा खां बरेली की प्रमुख दरगाह आला हजरत परिवार से संबंधित है। आला हजरत दरगाह की मुस्लिम समाज में बहुत मान्यता है। तौकीर चूंकि एक धार्मिक परिवार के धर्मगुरु की भी हैसियत रखते हैं और आईएमसी अध्यक्ष भी हैं, इस कारण मुस्लिम समाज में उनका काफी प्रभाव है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई धार्मिक व्यक्ति सत्ता की सीट पर बैठता है तो उसके बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। महान दार्शनिक प्लेटो ने भी कहा कि नगर राज्यों में तब तक कष्टों का अंत नहीं होगा, जब तक दार्शनिक राजा न हों। न्याय राजा की प्राण वायु है। इसी कारण सत्ता का प्रमुख किसी धार्मिक व्यक्ति को होना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि अभी कुछ समय पहले मौलाना तौकीर ने शहर में दोबारा दंगे भड़काने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अपमानजनक बातें भी कहीं। अगर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार न होती तो तौकीर ने दंगा करा दिया होता।

### ज्ञानवापी पर फैसला देने के बाद मिली धमकी का भी किया जिक्र

जज रवि कुमार दिवाकर ने आदेश में वर्ष 2022 में ज्ञानवापी प्रकरण के निस्तारण के बाद मुस्लिम संगठन की ओर से 32 पन्नों का धमकी भरा पत्र मिलने का भी जिक्र किया। इस मामले में एफआईआर वाराणसी में दर्ज कराई गई थी लेकिन इसमें किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे लखनऊ में रहने वाली उनकी माता और शाहजहांपुर में सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी के पद पर तैनात छोटे भाई दिनेश कुमार दिवाकर की सुरक्षा की बराबर चिंता बनी रहती है। उनके बच्चे भी उनसे पूछते हैं कि पापा न्यूज चैनल में दिखाया जा रहा है कि आपको जान से मार दिया जाएगा तो वह समझाते हैं कि सब झूठ दिखाया जा रहा है।

## वायुसेना के जवान की बाइक के सामने गिरकर की लूट

**बरेली, अमृत विचार :** वायुसेना के जवान के साथ लूट की भी बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर जवान ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रयागराज के पंटवा हंडिया निवासी विजय कुमार पांडेय ने बताया कि वह वायुसेना बरेली में तैनात हैं। 28 सितंबर 2023 को वह अपनी बाइक से शाम 7.30 बजे स्टेडियम रोड पर जा रहे थे। इसी दौरान एक अस्पताल के सामने फैजान नामक लड़का सड़क पार करते हुए बाइक के सामने आकर गिर गया। बाइक रोकने के प्रयास में वह भी गिर गए। इसी दौरान फैजान चीखने चिल्लाने लगा। इससे मौके पर काफी लोग एकत्र हो गए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। फैजान ने भीड़ के साथ मिलकर गले से सोने की चेन, साढ़े सात हजार रुपये और एटीएम कार्ड निकाल लिया।


**समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा**

**प्रपत्र-4**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशक का स्थान | : बरेली |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.) |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : कटरा चांद खां, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाईट, बरेली |
| 5. | सम्पादक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| | क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| | पता | : 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली |

मैं शंभू दयाल वाजपेयी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

हस्ताक्षर
तारीख : 6 मार्च 2024
शंभू दयाल वाजपेयी
मुद्रक / प्रकाशक



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मैने अपने छोटे पुत्र फैजान उर्फ मुन्ना को उसके गलत चाल-चलन, आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। **रईस अहमद उर्फ कल्लू पुत्र गनी कुरैशी, निवासी- ठिरिया निजावत खां, थाना- कैन्ट, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई शनी उर्फ कांटा, संजू पुत्र श्री अशोक का चाल चलन सही नहीं है एवं सभी से दुर्व्यवहार करता है। इस कारण मैंने अपने दोनों भाईयों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **दीपक पुत्र श्री अशोक निवासी न्यू माधोपुरी चन्दन नगर कासगंज तहसील व जिला कासगंज**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटोस्टेट करवाने गया था। जिसमें से मेरी बी.कॉम. की डिग्री कहीं गिर गयी जो काफी तलाशने पर भी नहीं मिली। जो वास्तव में कहीं गुम हो गई है। **विकास कुमार पुत्र श्री रामदास, नि. ताजपुर, थाना मिलक, जिला रामपुर, हाल निवासी- 55, प्यारे लाल कालोनी, इज्जत नगर, बरेली**

**सूचना**
हमने अपनी पुत्री नीतू कुमारी को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यह अपने कृत्यों व लेनदेन की स्वयं जिम्मेदार होगी। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मोतीराम पुत्र श्री तोताराम व निर्मला देवी पत्नी श्री मोतीराम, निवासी-ग्राम खजुरी खेड़ा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पैमाइश : किसानों की जमीन पर इफको का कब्जा

संवाददाता, बरेली/आंवला

- एसडीएम के निर्देश पर जांच को पहुंची टीम ने इफको के बाहर से की जमीन की पैमाइश
- हाईकोर्ट ने दिए थे आदेश, जांच टीम ने किसानों की जमीन इफको परिसर में होने की पुष्टि की

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद कई दिनों से हीलाहवाली कर रहे इफको के अफसर बुधवार को बैकफुट पर नजर आए। एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा ने टीम के साथ इफको के बाहर से किसानों की जमीन की पैमाइश की। टीम ने किसानों की जमीन इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर होने की पुष्टि की है।

भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीश, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल ने बताया कि तत्कालीन तहसीलदार ने अक्टूबर 2022 में किसानों की शिकायत पर जमीन की पैमाइश कराई। जिसके आधार पर तत्कालीन एसडीएम वेदप्रकाश मिश्रा ने एडीएम प्रशासन को रिपोर्ट भी भेजी थी कि किसानों की जमीन गाटा संख्या 233 की 0.67 हेक्टेयर जमीन चारदीवारी के अंदर नहीं है, जबकि गाटा संख्या 234 की 0.089 हेक्टेयर भूमि इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर मिली थी, लेकिन अफसरों ने नहीं सुनी। किसान हाईकोर्ट चले गए। वहां से तहसील प्रशासन को कोर्ट ने पिछले महीने पैमाइश कर भूमि चिह्नित करने का आदेश दिया। जिसके बाद एसडीएम ने रविवार को किसानों की जमीन की पैमाइश के लिए टीम गठित कर इफको भेजी। यहां रविवार को अवकाश होने के चलते पैमाइश मंगलवार को कराने का अनुरोध किया गया। मंगलवार को टीम फिर पहुंची और इफको के बाहर से किसानों की जमीन की नापजोख की। नौगवां अहिरान के वीर सिंह ने बताया कि टीम ने इफको के अंदर पैमाइश करने के स्थान पर उनके खेतों में ही पैमाइश की। इफको अधिकारियों ने इफको की खतौनी दिखाई थी, जिसमें गाटा संख्या 233 का कुछ भाग इफको की खतौनी में चढा है, जबकि इस गाटे का अधिग्रहण ही नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश असाधारण गजट 21 जून 1984 के गजट में इन गाटों का उल्लेख ही नहीं है, जबकि वर्तमान की इफको की खतौनी में गाटा संख्या 233 का कुछ भाग अंकित है। ओमशंकर सक्सेना ने बताया पहले की पैमाइश की रिपोर्ट उनके पास है, यदि इनकी नापजोख की रिपोर्ट में कुछ परिवर्तन होगा तो वह फिर से सर्वे कराने की मांग करंगे। टीम में नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा, कानूनगो रामस्वरूप, इंद्रेश यादव, लेखपाल धीरज शर्मा, राहुल, बाबा भीम आदि मौजूद रहे।

> किसानों की जमीन के नापजोख के लिए मंगलवार को टीम भेजी गई थी। पैमाइश का काम पूरा हो गया है।। इफको में जमीन है या नहीं। यह जांच रिपोर्ट आने के बाद भी पता चल सकेगा।
> –गोविंद मौर्य, एसडीएम आंवला

## कुछ किसान जांच को मान रहे संदिग्ध

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव ने बताया कि तहसील के अधिकारी रविवार को कई घंटे तक आंवला इफको में रुकने के बाद वापस लौटे थे और अधिकारी न होने के कारण पैमाइश नहीं होने की बात कही थी। मंगलवार को भी तहसील के अधिकारी कई घंटे आंवला इफको में रुके रहे, जबकि पैमाइश की औपचारिकता किसानों के खेत में की। इफको का कोई अधिकारी नहीं आया। किसान नेता ने पैमाइश को लेकर संदिग्धता जताई है। नापजोख के हिसाब से होनी चाहिए।

## नई ट्रेन टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस नौ मार्च से चलेगी

**बरेली।** रेल मंत्रालय ने टनकपुर–देहरादून के बीच नई ट्रेन चलाने की स्वीकृति दी है। अब इस ट्रेन का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। यह ट्रेन नौ मार्च से चलेगी। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेन संख्या 15020 टनकपुर से प्रत्येक शनिवार को शाम 19:40 बजे चलकर बनबसा, खटीमा, पीलीभीत के रास्ते चलकर भोजीपुरा 21:30 बजे, बरेली सिटी 22:13 बजे, बरेली जंक्शन 22:33 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। यहां से रामगंगा, चंदौसी, मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार, देहरादून अगले दिन सुबह 7:35 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 15019 देहरादून से प्रत्येक रविवार को 15:15 बजे चलकर हरिद्वार, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, रामगंगा के रास्ते बरेली जंक्शन देर रात 00:55 बजे, बरेली सिटी 01:10 बजे, भोजीपुरा जंक्शन 01:45 बजे पहुंचेगी। बरेली वाया चंदौसी देहरादून के लिए यह पहली ट्रेन होगी।

## मंदिर निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**रजागंज।** गोला लखीमपुर मार्ग स्थित तिरुपति फिलिंग स्टेशन खम्हौल पर हनुमान मंदिर निर्माण के लिए नींव का पूजन किया गया। शीघ्र ही मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी ने मंगलवार को भूमि पूजन कर हनुमान मंदिर की नींव रखी। भूमि पूजन वेदाचार्य पंडित राजेश शास्त्री खजुहा लखीमपुर के द्वारा हवन पूजन, अखंड पाठ, मंत्रोच्चारण कर शुरू कराया गया। हनुमान मंदिर भूमि पूजन के अवसर पर शरद वाजपेयी, डॉ. शिखर वाजपेयी, कृतिका वाजपेयी, रश्मि वाजपेयी, महेंद्र वाजपेयी, श्याम सिंह वर्मा, मोनू वर्मा, सर्वेश मिश्रा, विकास कुमार, दिनेश वर्मा, उमेश, डीके भारती आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्रन्ट डाटपुर वि.खं.-बांकेगंज, खीरी

पत्रांक: मेमो/मनरेगा निर्माण कार्य/निविदा सामग्री आपूर्ति **निविदा सूचना** दिनांक: 05.03.2024

अधिकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ग्रन्ट डाटपुर वि.खं. बांकेगंज खीरी में मनरेगा व राज्य वित्त योजनान्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 में निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित है:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत ग्रन्ट डाटपुर में उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण (अन्नपूर्णा दुकान) | 01 | 712400 | मनरेगा एवं राज्यवित्त कन्वर्जन |

नोट– अनुमन्य जी.एस.टी. अलग से देय होगी।

उक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी की ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, इण्टरलॉक, ईट, सरिया, लोहा, लोहा पाईप, जी.आई.शीट, पेन्ट, पुट्टी, प्राईमर एवं अन्य निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 06.03.2024 से 12.03.2024 तक दोपहर 02:00 बजे तक जमा कर सकते है तथा निविदा दिनांक 13.03.2024 को दोपहर 03:00 बजे गठित समिति के मध्य खोली जायेगी। किसी भी निविदा / सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**श्री आलोक कुमार अवस्थी**
**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**

**श्रीमती आलिया बेगम**
**ग्राम प्रधान**

## कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

पत्रांक: सी–551/जि.पं.सम्पत्ति/2023–24 दिनांक: 05.03.2024

### नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहांपुर के प्रबन्धाधीन विकास खण्ड मिर्जापुर भरतपुर बाग में साप्ताहिक पशु बाजार/ बाजार के ठेका वर्ष 2024–25 का नीलाम दिनांक 16.02.2024 को समय 11:00 बजे कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में किया जायेगा। बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत के रूप में अंकन 10000/– रूपये जमा करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही जिला पंचायत के स्वामित्वाधीन बादशाहनगर कहेलिया मार्ग, जलालाबाद खण्डहर मार्ग पुवायां निगोही मार्ग, कटरा खुदागंज मार्ग, बण्डा पूरनपुर मार्ग, कांट मदनापुर मार्ग की आम फसल बहार का भी नीलाम उक्त दिनांक को ही किया जायेगा। फसल बहार लेने वाले व्यक्ति को अंकन 2000/– रूपये जमानत जमा करना अनिवार्य होगा। सर्वोच्च बोलीदाता को बोली की समस्त धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। नीलामी के समय जो भी नीलाम समिति द्वारा व्यवस्था दी जाएगी वह सभी को मान्य होगी। सर्वोच्च बोलीदाता को अपने व्यय पर अनुबंध करना होगा तथा जिला पंचायत द्वारा निर्धारित दरों पर उगाही का कार्य करना होगा। नीलाम स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। यदि उपरोक्त नीलाम तिथि को किसी कारणवश नीलाम नहीं हो पाता है तो नीलाम की कार्यवाही प्रत्येक बुधवार को निर्धारित समय व स्थान पर की जाएगी। अन्य जानकारी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINNER, DIVISIONAL OFFICE
## U.P. JAL NIGAM(R) A-16 GARDEN STATE, BAREILLY MOD SHAHJAHANPUR=242001

Letter No. 370/M-13/19 Date : 04-03-2024

**Short Term Tender Notice for Publication**

On behalf of chairman, U.P. Jal Nigam, Tenders in sealed envelopes are hereby invited by undersigned from registered contractors for "Shifting of 150 mm dia, DI-K7 pipeline water supply pipeline due to construction of Ganga expressway at Gulariya Water supply scheme, Shahjahanpur". As per following schedule and same shall be opened in the office of Executive Engineer, Divisional office U.P. Jal Nigam (R) A-16 Garden State, Bareilly Mod, Shahjahanpur on the same day at 3%30 P.M. in the presence of tenderers of their authorized representatives present at the time of opening of tenders.

| Sr. No. | Name of Work | Date of Sale of Tender | Date of Receipt of Tender | Date of Opening of Tender | Earnest Money Deposit in Rs. | Cost of Tender Document in Rs. | Comple-tion Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Shifting of 150 mm dia. DI-K7 pipeline water supply pipeline due to construction of Ganga expressway at Gulariya Water supply scheme, Shahjahanpur | From 06.03.2024 To 11.03.2024 upto 2:00 PM | 11.03.2024 upto 2:00 PM | 11.03.2024 upto 3:00 PM | 10000.00 | 1000-00 + 18% GST | 15 days |

**Sunny Singh**
**Executive Engineer**

## कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

पत्रांक: सी.625/जि.पं.–नि.अनु./2023–24 दिनांक:– 05.03.2024

### अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

संशोधित निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार जिला पंचायत सिंचाई विभाग / लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15 वां वित्त अनटाइड के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण हेतु दिनांक 11.03.2024 को मोहरबंद निविदाएं अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 03 बजे से कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 11.03.2024 को प्रात: 11 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमाकर टेन्डर फार्म कार्यालय से क्रय कर सकते हैं। इच्छुक ठेकेदार को कार्य के सम्मुख अंकित दो प्रतिशत धरोहर धनराशि (एन.एस.सी./टीडीआर/एफडीआर) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा जो अपर मुख्य अधिकार जिला पंचायत शाहजहांपुर के नाम बंधक होगी। निविदायें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित है। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। आमंत्रित निविदाओं के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. स. | ब्लाक | कार्य का नाम | लागत जी.एस.टी. सहित | अर्नेस्ट मनी | निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | तिलहर | ग्राम बिलहरा में हरिराम के खेत से जयप्रकाश के खेत की ओर इंटरलॉकिंग | 6.35 | 12700 | 1200 | 2 माह |
| 02. | खुटार | ग्राम टाह मोहलिया मार्ग से त्रिलोक सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग | 6.36 | 12720 | 1200 | 2 माह |
| 03. | निगोही | ग्राम गढ़ा में राजेश के मकान से सरकारी नल कूप तक खडंजा | 6.10 | 12200 | 1200 | 2 माह |
| 04. | ददरौल | ग्राम कटका में राजवीर के मंदिर वाली गली में इंटरलॉकिंग | 6.36 | 12720 | 1200 | 2 माह |
| 05. | भावलखेड़ा | ग्राम सिंगरहा में खडंजा | 7.63 | 15260 | 1200 | 2 माह |
| 06. | जलालाबाद | ग्राम रहपुरा में मुख्य मार्ग से संतोष वर्मा में घर तक इंटरलॉकिंग | 6.36 | 12720 | 1200 | 2 माह |
| 07. | पुवायां | ग्राम टकेली में अम्बेडकर पार्क से पंचायत घर तक इंटरलॉकिंग | 6.36 | 12720 | 1200 | 2 माह |
| 08. | ददरौल | ग्राम पिपरौली में खडंजा | 3.05 | 6100 | 710 | 2 माह |
| 09. | भावलखेड़ा | ग्राम आदमपुर में गुरूद्वारे के पास इंटरलॉकिंग | 6.36 | 12720 | 1200 | 2 माह |
| 10. | भावलखेड़ा | ग्राम सेहरामऊ रौरा मार्ग पर टायर हाउस के पास ?ड साहब के फार्म तक इंटरलॉकिंग | 6.36 | 12720 | 1200 | 2 माह |
| 11. | तिलहर | फर्म खांडसार में चावर पलिया रोड से गांव के बाहर पूरब की ओर खडंजा कार्य। | 7.63 | 15260 | 1200 | 2 माह |

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: 3625/आंकिक/क्षेत्र पंचायत / 2023–24 दिनांक:– 05.03.2024

### अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत पूरनपुर के अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त आयोग / 15 वां वित्त आयोग (अनटाइड / टाइड फंड) के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग सीलबन्द निविदायें इस कार्यालय द्वारा जारी शर्तो एवं अनुबन्धों के साथ दिनांक 06.03.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.03.2024 को अधोहस्ताक्षरी / मनोनित अधिकारी द्वारा गठित समिति के समक्ष सायं 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदादाता खोलते समय उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र कार्यालय अवधि में दिनांक 11.03.2024 तक सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | माप/संख्या | लागत लाख में | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड संख्या 32 में काली मन्दिर से सौरभ सरकार के घर तक खडन्जा कार्य। | 340 मी. | 6.40 | 725+GST |
| 2. | उदयपुर हाल्ट से मुजफरनगर की ओर लिंक रोड पर खडन्जा कार्य। | 500 मी. | 9.50 | 725+GST |
| 3. | कुरैया में राजेश वर्मा के खेत से जोगराजपुर लिंक रोड तक खडन्जा कार्य। | 500 मी. | 9.50 | 725+GST |
| 4. | महादेव माती से सतनाम सिंह के झाले से नीरज गुर्जर के खेत तक खडंजा कार्य। | 500 मी. | 9.50 | 725+GST |
| 5. | ग्राम भैसापुर में ग्राम सिमरा जाने वाली रास्ता पर खडन्जा मिट्टी मरम्मत कार्य। | 750 मी. | 6.77 | 725+GST |
| 6. | ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के मजदूर बस्ती राहुल नगर गोपाल मण्डल के घर के पास ग्राम चंदिया हजारा जंगल तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 510 मी. | 4.61 | 725+GST |
| 7. | ग्राम भोपतपुर शाहगढ़ मार्ग पर सरकारी फार्म से चर्तुभोज जाने वाले रास्ते पर खडन्जा मरम्मत | 510 मी. | 4.61 | 725+GST |
| 8. | ग्राम पंचायत सबलपुर के दक्षिण रोड से ग्राम भयपुर गुरूद्वारा रोड पर मिट्टी खडन्जा मरम्मत कार्य। | 450 मी. | 4.08 | 725+GST |
| 9. | अण्डवोझी गुरूद्वारा से चैन सिंह के घर तक खडंजा मरम्मत निर्माण कार्य। | 500 मी. | 4.63 | 725+GST |
| 10. | बलरामपुर चौकी के दक्षिण ओर मेन रोड से कसगंजा बाजार तक खडंजा मरम्मत। | 500 मी. | 4.60 | 725+GST |
| 11. | नरायनपुर बुजुर्ग में मझरा राजपुर ता. माधौटांडा पक्के मार्ग से बलकराम सिंह के झाले तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 150 मी. | 1.40 | 725+GST |
| 12. | सुल्तानपुर के उत्तर जगदीशपुर जाने वाले रोड तक सम्पर्क मार्ग खडंजा मरम्मत। | 400 मी. | 3.63 | 725+GST |
| 13. | ग्राम कुलुआ गाडा भायपुर गुरूद्वारा ग्राम सबलपुर जाने वलो मेन रोड तक खडंजा मरम्मत। | 510 मी. | 4.61 | 725+GST |
| 14. | केशरपुर कलां में हीरपुर से खाण्डेपुर की तरफ खडंजा मरम्मत। | 600 मी. | 5.43 | 725+GST |
| 15. | लुकटहाई पक्के रोड केशवपुर श्मशान घाट रोड पर खडंजा। | 350 मी. | 6.65 | 725+GST |
| 16. | कुरैया में साधु वर्मा के खेत से रजनीश शुक्ला के खेत तक खडंजा निर्माण। | 300 मी. | 5.70 | 725+GST |
| 17. | मढ़ाखुर्द वार्ड 202 में लाल तलाव से नवदिया लक्षण तालाब तक नाला निर्माण। | 200 मी. | 9.50 | 725+GST |
| 18. | ग्राम सैल्हा में देवव्रत की दुकान से सामुदायिक शौचालय तक नाला निर्माण। | 200 मी. | 9.50 | 725+GST |
| 19. | सिमरिया अजीतपुर विल्हा में लालजीत के खेत से राजेश वाल्मीकी के घर तक नाला निर्माण | 100 मी. | 4.75 | 725+GST |
| 20. | इक्कोतर नाथ मंदिर पर शौचालय निर्माण। | एक | 7.00 | 725+GST |
| 21. | गुलडिया भूपसिंह मंदिर पर शौचालय निर्माण। | एक | 7.00 | 725+GST |
| 22. | ग्राम पंचायत शेरपुर मकरन्दापुर में हरजिन्दर सिंह पक्कड के घर की ओर नाले पर पुलिया निर्माण कार्य। | 1 | 6.5 | 725+GST |
| 23. | ग्राम पंचायत शेरपुर मकरन्दपुर में रोड से ब्रहमदेव रोड की ओर हरजिन्दर सिंह, पक्कड़ सिंह के घर की सी.सी. / इन्टरलॉकिंग कार्य। | 95 मीटर | 5.1 | 725+GST |
| 24. | ग्राम पंचायत नरायनपुर में नटवीर बाबा तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 180 मीटर | 9.97 | 725+GST |
| 25. | ग्राम पंचायत कपूरपुर मेला स्थल के प्रांगण में इन्टरलॉकिंग कार्य। | 750 वर्ग मी. | 9.95 | 725+GST |
| 26. | ग्राम पंचायत अजीतपुर विल्हा पक्के रोड से चेतराम के बाग तक मिट्टी व खडंजा कार्य। | 525 मीटर | 9.92 | 725+GST |
| 27. | ग्राम पंचायत अजीतपुर विल्हा में रामनाथ के खेत के पास पुलिया। | एक | 6.5 | 725+GST |
| 28. | ग्राम पंचायत गजरौलाखास वेचेलाल के घर से अयोध्या प्रसाद के घर तक नाली/ इन्टरलॉकिंग कार्य। | 185 मीटर | 9.82 | 725+GST |
| 29. | सिमरा ता. घुंघचिहाई में श्मसान घाट की बाउन्ड्रीवाल निर्माण। | 230 मीटर | 9.95 | 725+GST |
| 30. | टंडौला में बनारसी के घर से स्कूल की पुलिया से होते हुये कलन्दर वाली पुलिया तक 190 मी. इन्टरलॉकिंग रोड निर्माण। | 150 मीटर | 9.9 | 725+GST |
| 31. | ग्राम पंचायत सिमरिया रामपाल के खेत से बुद्धसेन के खेत तक खडंजा कार्य। | 500 मीटर | 9.4 | 725+GST |
| 32. | ग्राम पंचायत जगनाथपुरम में लिंक मार्ग पर इन्टरलॉकिंग कार्य। | 170 मी. | 7.80 | 725+GST |
| 33. | पूरनपुर देहात वार्ड नं. 2 में यामीन के घर से मदीना मस्जिद तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 170 मीटर | 9.5 | 725+GST |
| 34. | लालपुर में स्कूल खेत से विधीपुर माईनर बाग के आगे तक खडंजा निर्माण। | 525 मीटर | 9.92 | 725+GST |
| 35. | आसाम रोड गढ़ा पचपेडा पिंकी के घर से लालपुर की हद तक खडंजा निर्माण। | 525 मीटर | 9.92 | 725+GST |
| 36. | ग्रान्ट में भगवान दास के घर से ओमप्रकाश वाले सी.सी. रोड तक इन्टरलॉकिंग निर्माण। | 77 मीटर | 5.6 | 725+GST |
| 37. | ग्राम ढकिया केसरपुर में राजपाल के घर से सियाराम के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 100 मीटर | 5.57 | 725+GST |
| 38. | ग्राम पंचायत जगतपुर में छत्रपाल के घर से मुकेश गौतम के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 150 मीटर | 9.20 | 725+GST |
| 39. | ग्राम पंचायत कुरैया खुर्द के मुनेन्द्र सिंह के मोटर से रामदीन वर्मा के खेत तक खडंजा कार्य। | 500 मीटर | 9.4 | 725+GST |
| 40. | ग्राम पंचायत हरीपुरकलां मौजा सुन्दरपुर में गुरूबक्श सिंह के घर से सुन्दरपुर खडंजा तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 170 मीटर | 9.95 | 725+GST |
| 41. | ग्राम पंचायत मुजफ्फरनगर में गुरूदेव सिंह, रतन सिंह के यहां से पिपरिया घाट पुलिया तक खडंजा। | 525 मीटर | 9.92 | 725+GST |
| 42. | ग्राम पंचायत जटपुरा में अवनीश के खेत से हरिओम के खेत तक खडंजा। | 525 मीटर | 9.92 | 725+GST |
| 43. | कबीरगंज में लखविन्दर सिंह के खेत से निदा सिंह के घर तक खडंजा | 500 मीटर | 9.94 | 725+GST |
| 44. | ग्राम पंचायत सिद्धनगर में मेनरोड से तरसेम सिंह के खेत तक खडंजा कार्य। | 480 मीटर | 9.94 | 725+GST |
| 45. | ग्राम पंचायत सिद्धनगर में सामुदायिक शौचालय के पास पुलिया निर्माण। | एक | 6.5 | 725+GST |
| 46. | ग्राम शास्त्रीनगर से शास्त्रीनगर पुरानी मस्जिद तक खडन्जा कार्य। | 460 मीटर | 9.94 | 725+GST |
| 47. | ग्राम पंचायत कुटिया गुदिया में मेन रोड से अमरीक सिंह के घर तक खडन्जा कार्य। | 350 मीटर | 7.58 | 725+GST |
| 48. | ग्राम रामनगर में छविनाथ के घर से जयराज की आबादी तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 66 मीटर | 5.9 | 725+GST |
| 49. | केशरपुर गुरूद्वारा से परशुरामपुर गौशाला तक खडन्जा मरम्मत कार्य। | 650 मीटर | 6.75 | 725+GST |
| 50. | ग्राम केशरपुर में सुच्चा सिंह के पुलिया से काले पुल तक खडंजा। | 400 मीटर | 7.57 | 725+GST |
| 51. | ग्राम नवदिया में दयालपुर मार्ग के मध्य नाले पर पुलिया निर्माण। | एक | 6.5 | 725+GST |
| 52. | ग्राम पंचायत कबीरगंज में धर्मपाल के घर से प्रा.वि. तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 100 मीटर | 9.3 | 725+GST |
| 53. | मा. ब्लाक प्रमुख कक्ष में शौचालय मरम्मत | एक | 0.95 | 725+GST |
| 54. | विकास खण्ड परिसर में शहीद स्तम्भ का जीर्णोधार एवं अन्य मरम्मत कार्य। | एक | 0.95 | 725+GST |
| 55. | संजय दास के घर से गोलक मोहली के घर तक खडंजा कार्य। | 200 मीटर | 3.81 | 725+GST |
| 56. | ग्राम चतीपुर में श्मसान घाट की बाउन्ड्रीवाल। | 150 मीटर | 6.55 | 725+GST |
| 57. | ग्राम रामनगर में सत्य सूदन से सेंसर पाल के खेत तक खडंजा। | 500 मीटर | 9.45 | 725+GST |
| 58. | रम्पुरा फकीरे किसान सेवा समिति में इन्टरलॉकिंग कार्य। | 725 वर्ग मी. | 9.99 | 725+GST |
| 59. | मुरैना गांधीनगर में कोमिल के खेत से शैलेन्द्र सिंह के खेत तक खडंजा | 450 मीटर | 9.73 | 725+GST |
| 60. | भीमपुर नौगजा में श्मसान घाट की बाउन्ड्रीवाल | 170 मीटर | 7.38 | 725+GST |
| 61. | गौतमनगर से नीरूसिंह के घर से विनोद सिंह के घर इन्टरलॉकिंग/नाली | 75 मीटर | 4.00 | 725+GST |
| 62. | पूरनपुर देहात में इस्लाम भाई के घर से हारून के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 150 मी. | 7.30 | 725+GST |
| 63. | ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में हाजी वली कुरैशी के खेत से सरकारी नलकूप होते हुये घनाराघाट रोड तक खडंजा कार्य। | 400 मी. | 7.57 | 725+GST |
| 64. | नवदिया धनेष कलीनगर मार्ग से फाजिलपुर माइनर नहर पर अमर सिंह पासबान के खेत से गुरूद्वारा तक खडंजा। | 400 मी. | 7.57 | 725+GST |
| 65. | पूरनपुर देहात में निजामुद्दीन के घर से लखीमपुर रोड तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 175 मी. | 8.3 | 725+GST |
| 66. | ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में हाजी जफर खां के वाग से हाफी बली कुरैशी के खेत तक खडंजा कार्य। | 400 मी. | 7.57 | 725+GST |
| 67. | ग्राम पंचायत रूरिया सलेमपुर में श्मसाान घाट की बाउन्ड्रीवाल। | 190 मीटर | 8.30 | 725+GST |
| 68. | फत्तेपुर में श्मसान घाट की अवशेष बाउन्ड्रीवाल। | 50 मी. | 2.20 | 725+GST |
| 69. | मझारा ता. महारापुर में डामर रोड से उज्जैन सिंह के घर तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 415 मीटर | 7.85 | 725+GST |
| 70. | ग्राम पंचायत नरायनपुर ज.पूरनपुर में ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात से गुरूद्वारे वाली पक्की सड़क से बहादुर सिंह के प्लाट तक दोनों तरफ नाली सहित इन्टरलॉकिंग कार्य। | 100 मीटर | 7.00 | 725+GST |

1. तकनीकी बिड प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग कार्यवार डाली जायेगी। 2. तकनीकी बिड के फार्म के साथ उपरोक्त तालिका के मैं लागत की 2.00 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर के पदनाम से बन्धक हो संलग्न करना आवश्यक है। इसके अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जो कार्य स्वीकृत होगा उस कार्य की कम से कम 3.00 प्रतिशत धरोहर धनराशि कार्य से पूर्व जमा करनी होगी तथा शेष 5.00 प्रतिशत धनराशि कार्य के भुगतान में कटौती की जायेगी। एफ.डी.आर. सम्बन्धित फर्म को 1 वर्ष तथा कटौती की गयी 5.00 प्रतिशत धनराशि अन्तिम भुगतान के 01 माह के उपरान्त वापस की जायेगी। 3. कोई भी निविदा पंजीकृत डाक से स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा बिना किसी शर्ते के ही स्वीकृत होगी। 5. तकनीकी बिड के साथ सम्बन्धित को नियमानुसार 100.00 के स्टाम्प पर स्व–घोषणा पत्र एवं 10.00 रू. के स्टाम्प निर्धारित शपथ अवश्य संलग्न करना होगा। 6. उपरोक्तानुसार निर्धारित कार्यो की संख्या कम एवं ज्यादा हो सकती है। इसके लिये कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। 7. उक्त सभी कार्यो पर जी.एस.टी. / टी.डी.एस./लेबर सेस / रायल्टी आदि की कटौती नियमानुसार की जायेगी। 8. एक अथवा समस्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 9. तकनीकी बिड एवं फाइनेन्शिल बिड पृथक–पृथक डाली जायेगी। जिसके लिफाफे का कार्य का नाम एवं फर्म का नाम तथा तकनीकी बिड/फाइनेन्शिल बिड अवश्य लिखा जाये। 10. कार्य प्राक्कलन में निर्धारित मानक के अनुसार कराया जाये। जिसका परीक्षण समय–समय पर अवर अभियन्ता (ग्रा.अ.वि.) द्वारा किया जायेगा। अवर अभियन्ता के परीक्षणोपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। 11. भुगतान में विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा, जिसके लिए लिए कोई दावा नहीं किया जा सकता है। 12. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्य 03 माह में कार्य पूर्ण कराना आवश्यक होगा। 13. निविदा की अन्य शर्ते निविदा तकनीकी बिड के साथ उपलब करायी जायेगी।

**अरूण कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर**

## जानें थिएटर के सितारों से उन कठिनाइयों के बारे में भी जिनका अब भी महिलाओं को करना पड़ता है सामना

# रंगमंच में महिलाओं का चित्रण...

समकालीन भारतीय रंगमंच ने अक्सर पुरुष दृष्टिकोण को बाधित किया है और एक महिला के दृष्टिकोण से कहानियाँ सुनाई हैं। चाहे वह मोहन राकेश का नाटक 'आधे-अधूरे' हो, विजय तेंदुलकर की रचना 'शांतता! कोर्ट चालू आहे', प्रभाकर लक्ष्मण मयेकर का 'अग्निपंख', मंजुला पद्मनाभन का 'लाइट्स आउट', पूर्वा नरेश का 'ओके टाटा बाय बाय' या जयवंत दलवी की रचना 'पुरुष' हो, बहुत बार रूढ़िवादी ढांचे को तोड़ने का साहस भारतीय रंगमंच पर किया गया है। विश्व रंगमंच दिवस पर, जी थिएटर के सितारे इस बात पर प्रकाश डाल रहे हैं कि वे मंच पर लिंग-संवेदनशीलता और साहसी कथाओं की प्रगति को कैसे देखते हैं।

सादिया सिद्दीकी जिन्होंने जी थिएटर के साहित्यिक संकलन 'कोई बात चले' में सादत हसन मंटो की नारीवादी कहानी 'हतक' को बयान किया है, कहती हैं, 'हाल के दिनों में, मुंबई स्थित कलाकार ज्योति डोगरा द्वारा 'मास' नामक एकल प्रदर्शन यह एक अग्रणी नाटकीय अनुभव रहा है। रंगमंच में, महिला कलाकारों को अभी भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, एक मित्र जो एक डिज़ाइनर है, एक प्रोडक्शन पर काम कर रही थी, और कुछ पुरुषों ने उनकी बात न मान कर लाइट उपकरण उठाने से इंकार कर दिया। उन्हें हस्तक्षेप करने के लिए अपने पुरुष मित्र को बुलाना पड़ा। आज के समय में भी ऐसी समस्याएं होती हैं।'



हिमानी शिवपुरी, सादिया सिद्दीकी और अमृता सुभाष

जी थिएटर की 'हमीदाबाई की कोठी' में अभिनय करने वाली अनुभवी अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी का मानना है कि थिएटर में, मजबूत महिला किरदार एक अपवाद नहीं हैं। वह आगे कहती हैं, मंच पर, मैंने कृष्णा सोबती के 'मित्रो मरजानी' जैसे नाटक में एक बहुत मजबूत महिला की भूमिका निभाई है, जो बिना किसी हिचकिचाहट के शारीरिक इच्छाओं के बारे में बात करती है, हालांकि हमारे समाज में महिलाओं के लिए इन चीजों के बारे में बात करना वर्जित है। मोहन राकेश की 'आधे अधूरे' में हम एक कामकाजी महिला से मिलते हैं जो शादी से बाहर संतुष्टि की तलाश करती है। आप सिनेमा या टेलीविजन की तुलना में थिएटर में ऐसे विषयों को अधिक बार देख पाते हैं।

प्रसिद्ध थिएटर, ओटीटी और फिल्म अभिनेत्री अमृता सुभाष के अनुसार समकालीन नाटक वर्तमान मुद्दों को संबोधित कर रहे हैं और आधुनिक महिलाओं का प्रभावी ढंग से चित्रण कर रहे हैं। वह बताती हैं, उदाहरण के लिए, 'परफेक्ट मैच' में, मैंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो शादी न करने का फैसला करके सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती है। इसी तरह, 'फिर से' आधुनिक विवाहों में समय की कमी जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालता है। हालांकि, आज भी कई नाटक पुराने विषयों को दोहराते हैं, फिर भी, आधुनिक चिंताओं को प्रतिबिंबित करने वाली कहानियों को देखने वाले दर्शकों की संख्या बढ़ रही है। इस से आशा जगती है कि थिएटर में अधिक विविध चरित्रों की आशा की जा सकती है।

## नदी के अंदर पहली रेल परिवहन सुरंग को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता में हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाये जाने के साथ भारत में नदी के नीचे पहली सुरंग भी यातायात के लिए खुल जाएगी।

दो स्टेशनों - हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच सुरंग की कुल लंबाई 4.8 किमी है। इसमें, 1.2 किमी सुरंग हुगली में 30 मीटर नीचे है, जो इसे किसी भी बड़ी नदी के नीचे देश की पहली परिवहन सुरंग बनाती है। हावड़ा मेट्रो स्टेशन, सबसे गहरा स्टेशन भी होगा।

## राष्ट्रपति आज देंगी संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बुधवार को प्रदर्शन कला के क्षेत्र में 94 प्रतिष्ठित कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान करेंगी। संस्कृति मंत्रालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति इस समारोह में साल 2022 और 2023 के लिए अकादमी पुरस्कारों के अलावा सात प्रतिष्ठित कलाकारों (एक संयुक्त फेलोशिप) को संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (अकादमी रत्न) भी प्रदान करेंगी।

**कार्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक संख्या 12232-33/2023-24 दिनांक 07/02/2024 के क्रम में सादर अवगत कराना है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम, विकास खंड शेरगढ़ के परिसर में लगे यूकेलिप्टस के वृक्षों की कटाई हेतु नीलामी की कार्यवाही खुली बैठक के माध्यम से उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम, विकास खंड शेरगढ़ के परिसर में दिनांक 14/03/2024 को 12:00 बजे से प्रस्तावित है। इच्छुक खरीददार समय से उपस्थित हों।

**प्रधानाध्यापक**
**उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया डाम**
**विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बदायूं**

पत्रांकः 1613/59-59/2023-24 दिनांकः 05.03.2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / एजेन्सियों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बदायूं सीमान्तर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत डोर-टू-डोर कलेक्शन एण्ड ट्रांसपोर्टेशन का कार्य की निविदायें ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 5.03.2024 का समय 3 बजे से दिनांक 11.03.2024 को समय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी जोकि कार्यालय समय में दिनांक 12.03.2024 को प्रातः 11 बजे सक्षम समिति के द्वारा खोली जायेगी। E-tender Technical and Financial bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई-टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अरूण कुमार**
**अधिशासी अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट**
**नगर पालिका परिषद, बदायूं**

**फात्मा रज़ा**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बदायूं**

## दिल्ली में मार्च में चार साल बाद सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चार साल बाद मार्च में सबसे कम न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

आईएमडी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आईएमडी के मुताबिक, मंगलवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों तापमान सामान्य से चार डिग्री कम थे। आंकड़ों के मुताबिक, यह 2019 के बाद सबसे कम न्यूनतम तापमान है। उस साल एक मार्च को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आंकड़ों के अनुसार, 2019 को छोड़कर 2017 से यह दूसरा मौका है जब न्यूनतम पारा नौ डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का है।

# भारत जोड़ो यात्रा में 'मोदी-मोदी' के नारे

## राहुल बोले- नफरत के बाजार में खोल रखी है मोहब्बत की दुकान, नारेबाजों से मिले

**शाजापुर (मप्र), एजेंसी**

राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मंगलवार को जब मध्य प्रदेश के शाजापुर शहर से गुजर रही थी तो मोदी-मोदीके नारे लगाए गए। कांग्रेस नेता गांधी ने अपना काफिला रोका और नारे लगा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें आलू दिए और गांधी ने 'फ्लाइंग किस' दिया। बाद में शाम को, गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए इस घटना का उल्लेख किया और कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलकर ऐसी घटनाओं का सामना करना आसान है। जब यह यात्रा शाजापुर से गुजर रहा थी तो एबी रोड पर पार्षद मुकेश दुबे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा में मोदी-मोदीके नारे लगा रहा था। समूह को देखते ही गांधी ने उनके साथ बातचीत करने के लिए काफिला रोक दिया और एक-दूसरे का अभिवादन किया, हाथ मिलाया, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री रामके नारे लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने और हाथ मिलाने के बाद गांधी अपने वाहन की ओर लौट गये। वाहन में बैठकर, उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के समूह की ओर हाथ हिलाया और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी।



न्याय यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन स्वीकार करते राहुल गांधी।

शाजापुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 28 का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा पार्षद दुबे ने कहा कि जब उन्होंने 'मोदी-मोदी' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए, तो गांधी वाहन से उतरकर नीचे आए। उन्होंने कहा, मैंने गांधी से कहा कि आपका स्वागत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता को आलू भी सौंपे। गांधी की यात्रा बाद में यहां से उज्जैन के लिए रवाना हुई। उज्जैन में अपने वाहन से एक सभा को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा, नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलो। यह काफी आसान है। यह उतना मुश्किल नहीं है।

## तमिलनाडु में 108 करोड़ के 99 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

**चेन्नई, एजेंसी**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और भारतीय तटरक्षक ने तमिलनाडु में मंडपम तट के पास एक देशी नाव से 99 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी कीमत 108 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

मंगलवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नाव श्रीलंका की ओर जा रही थी और राजस्व खुफिया निदेशालय की चेन्नई इकाई और भारतीय तटरक्षक मंडपम के अधिकारियों के संयुक्त दस्ते ने नाव का पीछे करने बाद इसे रोक लिया। एक गुप्त सूचना मिली कि समुद्री तट के पास तटीय मार्ग के माध्यम से भारत से श्रीलंका में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है,जिसके बाद मंडपम समुद्री तट अधिकारियों ने चार और पांच मार्च की मध्यरात्रि को तटरक्षक जहाज के माध्यम से मन्नार की खाड़ी पर निगरानी रखी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, गहरे समुद्र में निगरानी के दौरान, डीआरआई और तटरक्षक बल के अधिकारियों ने श्रीलंका की ओर जा रही एक देशी नाव की पहचान की और थोड़ी देर तक पीछा करने के बाद उसे रोक लिया। रोकने पर, अधिकारियों ने नाव की जांच की और उसके अंदर छिपाए गए पांच बोरे का पता लगाया।

## आज दुहाई से मोदीनगर तक दौड़ेगी नमो भारत, 34 किलोमीटर का होगा सफर

**मोदीनगर।** आरआरटीएस कॉरिडोर के दूसरे फेज में दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत ट्रेन का संचालन छह से शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में इसका वर्चुअल उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। एनसीआरटीसी ने इस उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर दौड़ना शुरू हो जाएगी। फिलहाल यह ट्रेन साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक सिर्फ 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर संचालित हो रही है। प्रधानमंत्री ने 20 अक्तूबर 2023 को साहिबाबाद से पहली नमो भारत ट्रेन के प्राथमिकता खंड पर संचालन का शुभारंभ किया था। दूसरे चरण में इसका संचालन दुहाई से मेरठ साउथ स्टेशन तक 25 किमी लंबे खंड पर होना था। मेरठ साउथ स्टेशन अभी तक संचालन के लिए तैयार नहीं हो पाया है।

## एनसीडीआरसी ने अपोलो अस्पताल व दो डॉक्टरों पर लगाया 30 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने चिकित्सीय लापरवाही के एक मामले में चेन्नई के अपोलो स्पेशलिटी अस्पताल और उसके दो चिकित्सकों पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

एनसीडीआरसी अप्रैल 2015 में रीढ़ की हड्डी की एक सर्जरी के बाद मरीज की देखभाल में अस्पताल और उसके दो चिकित्सकों की ओर से लापरवाही के संबंध में एक शिकायत सुन रहा था। सर्जरी के बाद मरीज को होश नहीं आया और वह अचेतावस्था में था। शिकायत लंबित रहने के दौरान अप्रैल 2017 में उसकी मृत्यु हो गई। एनसीडीआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए पी साही हैं। आयोग ने कहा कि मरीज के बेटे और पत्नी ने अपोलो स्पेशलिटी हॉस्पिटल, चेन्नई; अपोलो हॉस्पिटल एंटरप्राइज लिमिटेड, सर्जन साजन के हेगड़े और वसंत रूपन के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत में मरीज की 20 अप्रैल, 2015 को चेन्नई के अपोलो स्पेशलिटी अस्पताल में रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई, लेकिन लापरवाही के कारण उसे कभी होश नहीं आया।

**कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक-757/न.पं. शेरगढ़/अल्प.नि.सू./2023-24 दिनांक : 05.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) को राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अर्न्तगत नगर निकायों हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में वास्तविक प्राप्तियों के आधार पर अवशेष समनुदेशन की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी महोदय बरेली की स्वीकृति के उपरान्त नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) के कार्यालय पर दिनाँक 12.03.2024 को समय 11:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 1:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अध्यक्ष महोदय न.पं. शेरगढ़ (बरेली) द्वारा खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 07.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) से नकद मूल्य देकर क्रय किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि नकद जमा करनी होगी, एवं एक सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर स्वयं का घोषणा पत्र जो फोटो सहित नोटरी से सत्यापित कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | आगणन की धनराशि | 2% जमानत धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत शेरगढ़ में कान्हा गौशाला में खड़ंजा व पशुओं के चारा हेतु नाद बनाने का कार्य। | 946228.99 | 18925 | 1125 | 1 माह |
| 2. | नगर पंचायत शेरगढ़ में कान्हा गौशाला में जी.आई. स्टील लगवाने का कार्य। | 998907.52 | 19978 | 1180 | 1 माह |
| 3. | नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 1 में राजपाल के मकान से सेवाराम के मकान तक पी.वी.सी. पाइप लाइन का कार्य। | 205937.69 | 4119 | 295 | 15 दिन |
| 4. | नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में महेश पाल के मकान से कुन्दन नेता के मकान तक इंटरलॉकिंग ब्रिक्स रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 233248.01 | 4665 | 295 | 1 माह |
| 5. | नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में धर्मेन्द्र कुमार के मकान से खेम करन के मकान तक इंटरलॉकिंग ब्रिक्स रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 324777.38 | 6496 | 413 | 1 माह |
| 6. | नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में पप्पू कश्यप के मकान से मन्दिर व लिंक रोड में इंटरलाकिंग ब्रिक्स रोड व नाली निर्माण का कार्य। | 499286.11 | 9986 | 590 | 1 माह |
| 7. | नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 9 में डूंगरपुर वाली पुलिया के पास आर.सी.सी. डिप व सी.सी. रैम्प का कार्य। | 98813.12 | 1976 | 118 | 15 दिन |
| 8. | नगर पंचायत शेरगढ़ के वार्ड सं. 7 में पी.वी.सी. पाइप लाइन राजेन्द्र के मकान से मुरारी लाल के मकान तक आर.सी.सी. डिप निर्माण कार्य। | 91078.23 | 1822 | 118 | 15 दिन |

शर्तें-
1. निर्माण कार्यों में गुणवत्ता खराब होने अद्योभापक होने पर, ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकि खराबी के कारण कार्य की गुणवत्ता में कमी आने पर ठेकेदार का भुगतान काटा, रोका एवं जब्त किया जा सकता है।
2. आयकर/श्रमिक कर/जी.एस.टी. आदि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
3. निविदा की दरें साफ-साफ शब्दों व अंको में लिखना होगा अपूर्ण व कटिंग निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
4. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।

**वीरेन्द्र प्रताप सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)**

**बुद्धसेन मौर्य**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)**

**सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश**
**सिंचाई कार्यशाला खण्ड, बरेली**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0 12/WM/IWDB/2023-24**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल विड एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के यांत्रिक "ए" श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से दिनॉक 11/03/2024 को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदाओं की सूचना निम्नानुसार है।

| लॉट संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में | धरोहर धनराशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Carriagre and Erection of shutter assembly of Service(Spillway) Gate and Stop log Gate of Rohin Barrage, Maharajganj (As per BOQ) | 17.93 | 35860.00 | 60 Days | रू0 1500 एवं GST 18% अतिरिक्त | यांत्रिक "ए" श्रेणी |
| 2 | Carriagre and Erection of Embedment parts ,shutter assembly , Super structure , Liftting Mechanism , Rollar assembly of Head Regulator and Staircase of Rohin Barrage, Maharajganj (As per BOQ) | 8.42 | 16840.00 | 60 Days | रू0 1500 एवं GST 18% अतिरिक्त | यांत्रिक "ए" श्रेणी |
| 3 | Carriagre and Erection of Liftting Mechanism and Rollar assembly of Service Gates of Rohin Barrage, Maharajganj (As per BOQ) | 33.60 | 67200.00 | 60 Days | रू0 1500 एवं GST 18% अतिरिक्त | यांत्रिक "ए" श्रेणी |
| B | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित आवश्यक अभिलेख पी0डी0एफ0/एक्स00 एल0 फार्मेट में। | दिनॉक 07/03/2024 को समय 10:00 बजे से दिनॉक 11/03/2024 को 12.00 बजे तक | | | | |
| C | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र एवं अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में कार्य प्रबंधक, सिंचाई कार्यशाला खण्ड बरेली के कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि व समय | दिनॉक 11/03/2024 को 12:00 बजे तक | | | | |
| D | आनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकल बिड 01 (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | दिनॉक 11/03/2024 को 12:30 बजे | | | | |
| E | आनलाइन पार्ट-'बी'(वित्तीय भाग) फाइनेंशियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | पार्ट 'ए' खोलने एवं इवैल्यूएशन के उपरान्त | | | | |
| F | बिड खोले जाने का स्थान | कार्यालय कार्य प्रबंधक, सिंचाई कार्यशाला खण्ड, बरेली | | | | |

निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेब-साइट http://information.up.gov.in व सिंचाई विभाग की वेब-साइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउन लोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा-प्रपत्र का मूल्य, कार्य प्रबंधक, सिंचाई कार्यशाला खण्ड, बरेली के नाम केवल इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी जो निविदा के भाग-'ए' के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जाएगा। निविदा-प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-ए' के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार को साईट की विजिट स्वयं कर लेनी चाहिए। बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।

**(कार्य प्रबन्धक)**

**UP-205117 दिनांक 04.03.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय, पीलीभीत**

उत्तराधिकार वाद संख्या- 958 सन् 2023

ऊषा देवी उम्र करीब 59 वर्ष पत्नी स्व. गांधीराम मौर्य, निविदा ग्राम व पोस्ट व थान घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत ..... प्रार्थिनी

**बनाम**

1. विनोद कुमार मौर्य उम्र करीब 41 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 2. प्रमोद कुमार मौर्य उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 3. चन्दन कुमार मौर्य उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र स्व. गांधीराम मौर्य। समस्त निविदागण निवासी ग्राम व पोस्ट व थाना घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत ........... विपक्षीगण

हर खास आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ऊषा देवी द्वारा वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक गांधी राम मौर्य की धनराशि के अदालत में योजित किया है, जो दर्ज रजिस्टर हो चुका है, जिसमें वास्ते आपत्ति एवं निस्तारण दिनांक 9/3/2024 तिथि नियत है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को भी प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति हो, वह निश्चित तिथि पर दिन के 10:00 बजे व्यक्तिगत रूप से अथवा द्वारा अधिवक्ता आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद तामील प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 09.03.2024 को यह इश्तेहार मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

**मुन्सरिम**
**अदालत सिविल जज (सी.डि)**
**पीलीभीत**

**सामान्य सूचना**

सूचित करना है कि ग्राम नवदिया, इलाका सिघांई जनपद बरेली उ0 प्र0 मे स्थित जीवन सुख मे बने हुए घर "सरस्वती नं0-3" क्षेत्रफल 104.45 वर्ग मीटर की बुकिंग हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृजराज पाण्डेय निवासी 236, गली नं0-5 निकट मन्सा माता मन्दिर कर्मचारी नगर जनपद बरेली उ0 प्र0 तथा चन्द्रावती पाण्डेय पत्नी हर नारायण पाण्डेय निवासी 236 गली नं0-5 निकट मन्सा माता मन्दिर कर्मचारी नगर के नाम से की गयी थी परन्तु चन्द्रावती पाण्डेय पत्नी हर नारायण पाण्डेय की मृत्यु 17 सितम्बर 2021 को हो जाने के कारण उक्त घर के संबंध मे हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृजराज पाण्डेय 236, गली नं0-5, निकट मंसा माता मंदिर कर्मचारी नगर, जनपद बरेली उ0 प्र0 का नाम (अकेले) मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. के अभिलेखो मे अंकित किया जाना है इस संबंध मे यदि किसी को कोई आपत्ति है तो मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. प्लाट नं0- 16, सेकन्ड फ्लोर, सेक्टर 135, नोएडा जनपद गौतम बुद्धनगर उ0 प्र0 201305 टेलीफोन नं0- 91- 120-7111500 पर सम्पर्क करें।

**सामान्य सूचना**

सूचित करना है कि ग्राम मुड़िया अहमद नगर, जिला बरेली उत्तर प्रदेश मे स्थित जीवन सुख फेज-II में एक भूखण्ड अमलतास 61 क्षेत्रफल 87.72 वर्ग मीटर श्रीमती चन्द्रावती पाण्डेय पत्नी हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृज राज पाण्डेय निवासी 236, कर्मचारी नगर गली नं0-5, निकट मन्सा माता मन्दिर बरेली उत्तर प्रदेश के नाम से बुक किया गया था। श्रीमती चन्द्रावती पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 17 सितम्बर 2021 को हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड के लिये हर नारायण पाण्डेय पुत्र वृज राज पाण्डेय आयु लगभग 78 वर्ष निवासी 236, गली नं0-5, निकट मन्सा माता मन्दिर कर्मचारी नगर जिला बरेली उत्तर प्रदेश का नाम क्रेता के रूप मे मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. के अभिलेखो मे अंकित किया जाये। उक्त कार्यवाही पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के छपने से 21 दिन के भीतर मैसर्स आनन्द रूरल बिल्डलाइन एल.एल.पी. प्लाट नं0- 16, सेकन्ड फ्लोर, सेक्टर 135, नोएडा जनपद गौतम बुद्धनगर उ0 प्र0 201305 टेलीफोन नं0- 91- 120-7111500 पर सम्पर्क करें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल इण्डिया शेल्टर हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली से श्रीमती चमेली देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र निवासी बंशीनगला मढीनाथ, बरेली एक किता मकान रकबई 70.61 वर्ग.मी. जो खसरा नं.63 में से वाकै बेनीपुर चौधरी पर.तह. व जिला बरेली में स्थित है जिसकी चौहद्दी पूरब में मकान राजू, पश्चिम में मकान मंगल व चन्द्र पाल, उत्तर में रास्ता 7 फिट चौड़ा व दक्षिण में मकान कालीचरन है, को बंधक रखकर ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली के कार्यालय में दिनाक 25.09.1991 को फो.प्र.पु. सं.1 खण्ड 116 के पृष्ठ 159 से 166 पर क्रमांक 5306 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 03.03.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक /संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल इण्डिया शेल्टर हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली के कार्यालय पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनाक : 05.03.2024

**मुनीश कुमार सक्सेना, एडवोकेट, चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली। सूचीबद्ध अधिवक्ता "इण्डिया शेलटर हाउसिंग फाईनेंस लि. बरेली। मो.नं. : 9997389012**

**कार्यालय ग्राम पंचायत धमीपुर, वि.खं. भदपुरा, जनपद बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धमीपुर, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली में 2023-24 में ग्राम निधि एवं मनरेगा कन्वर्जेन्स योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत फर्म सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 06.03.2024 से 10.03.2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक जमा करें, जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम धमीपुर में समुदाय के लिए पशु शेड निर्माण कार्य। | 15.04 लाख |

**श्रीमती अंजू देवी**
**ग्राम प्रधान**

**राजू सिंह**
**सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मीरवैश्यपुर वि.खं. कांट, शाहजहांपुर**

**कोटेशन/टेंडर**

ग्राम पंचायत मीरवैश्यपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न विवरण के अनुसार कार्य होना है जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किए जा रहे है इच्छुक कोटेशन/टेंडरदाता फर्म निविदा प्रकाशन के तीन दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें। **कार्य का नाम :-** यशवीर के घर से रविन्द्र के घर तक इन्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। अनुमानित लागत:- 3,93,000/-

**ग्राम प्रधान**
**जसपाल सिंह (विपिन)**

**सचिव**
**शिवानन्द सिंह जी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत छीतरपुर महरोला इस्लामनगर बदायूं**

**अल्पकालीन निविदा** **दिनांकः 05.03.2024**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट ईट,सरिया,एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत छीतरपुर महरोला वि खं इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 08.03.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र.स | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 01. | भोजराज के घर से जलालुद्दीन के घर तक सी.सी निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 02. | जलालुद्दीन के घर से असगर के घर तक सी.सी निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

**प्रधान** **सचिव**

**विद्यालय प्रबन्ध समिति उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसा सरदाह वि.क्षे. मरौरी जनपद- पीलीभीत**

पत्रांकः बे.शि./नीलामी/1850-53/2023-24 दिनांकः 24.02.2024

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्रा. विद्यालय सिरसा सरदाह, वि.क्षे. मरौरी, जनपद पीलीभीत के विद्यालय प्रांगण में खड़े 08 यूकेलिप्टस वृक्षों की नीलामी दिनांक 12/03/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे उ.प्रा.वि. सिरसा सरदाह में की जायेगी। जो भी सज्जन उपरोक्त वृक्षों को लेना चाहे वह उ.प्रा.वि. सिरसा सरदाह में जाकर नीलामी वाले 08 वृक्षों को भली भंति देख ले और निर्धारित नीलामी तिथि व नियत समय पर उपस्थित होकर निर्धारित जमानत धनराशि 5000/- व पहचान पत्र की मूल प्रति के साथ छाया प्रति जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर बोली बोल सकते हैं। नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तो की जानकारी के लिए प्रत्येक विद्यालय कार्य दिवस में विद्यालय समयावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

**सचिव, विद्यालय प्रबन्ध समिति**
**उ.प्र.वि. सिरसा सरदाह वि.क्षे. मरौरी, पीलीभीत**

**कार्यालय जिला पंचायत, कासगंज**

पत्रांकः 466/जि.पं.-मेला/2023-24 दिनांकः 04.03.2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पशु मेला राम छितौनी वर्ष 2023-24 (अवधि 14.04.2024 से 20.04.2024 तक) के प्रबन्ध का सार्वजनिक नीलामी दिनांक 07.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे स्थान कार्यालय जिला पंचायत कासगंज में किया जायेगा, किसी कारणवश उक्त तिथि को नीलामी नहीं हो पाती तो दिनांक 11.03.2024 में पुनः नीलामी की जायेगी। बोली बोलने से पूर्व बोलीदाता को मूल्य 10,000/- रू. बतौर जमानत जमा करना होगा, जो सर्वोच्छ बोलीदाता की बोली में समायोजित करते हुये शेष बोलीदाताओं को तुरन्त मौके पर ही वापस कर दिया जायेगा। बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदया, जिला पंचायत कासगंज में निहित है। मा. मध्यक्ष महोदया जिला पंचायत कासगंज, द्वारा स्वीकृत किये जाने पर ठेकेदार को निर्धारित स्टाम्प पर इकरारनामा करना होगा। मेले से सम्बन्धित शर्तो को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखा जा सकता है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, कासगंज**

**कार्यालय ग्राम पंचायत भंडसर, वि.खं. बिथरी चैनपुर, जनपद बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम निधि/मनरेगा की स्वीकृत कार्य योजना के सापेक्ष निम्न विवरण के अनुसार सामग्री क्रय हेतु पंजीकृत फ़र्मों और विक्रेताओं के द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जानी है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | अनु. माप | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुंवरसेन के घर से सूखे के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 3,99,804/- | 90 मी. | मनरेगा |
| 2. | प्राथमिक विद्यालय से डीआईजी के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण | 3,99,646/- | 88 मी. | मनरेगा |

उक्त सामग्री लगाए जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन सामान्य निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्तें एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदाताओं को जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन, एवं पैन कार्ड की प्रकाशित छाया प्रति संलग्न करनी होगी। निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत का अधिकार निर्माण समिति का होगा। सामग्री घट बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद/एफडी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा सूचना 06/03/2024 से 12/03/2024 को 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन 4:00 बजे खोली जाएंगी।

**प्रधान-नसरीन** **सचिव-अजय वंश**

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।


## संपादकीय

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती है, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

# भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रोंप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।



बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रृद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रृद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रृद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले 'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंग्लैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंनें 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।

## प्रसंगवश

# आजा नाच लै

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ


यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुजुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

# कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

## सोशल फोरम

# राजनीति की गंगा

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।



डॉ . अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

# कुबेर का घमंड

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक ही होती ही नहीं है।

# खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है ।



निधि नित्या
जबलपुर

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

# खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को शासन ने जारी किए 23 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।


## भाजपा मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को भी साधने की कोशिश करेगी

# लोस चुनाव में क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण साधने का विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उप्र. मंत्रिमंडल विस्तार को क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों को भी साधने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार टलता रहा है लेकिन अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है। विस्तार के बाद अब उप्र. मंत्रिमंडल में सिर्फ पांच सीटें खाली हैं। किसी भी राज्य में विस के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य मंत्री बन सकते हैं। उप्र. विधानसभा में 404 सदस्य होते हैं। इस हिसाब से राज्य में 61 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

### राजभर संभालेंगे पूर्वांचल के कई जिले



फिलहाल मंगलवार को कैबिनेट में शामिल चार नये चेहरों पर चर्चा की जाए तो इनके माध्यम से चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में सामाजिक समीकरणों को साधने की मंशा सामने आती है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक ओमप्रकाश राजभर को मंत्रीमंडल में शामिल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजभर बिरादरी को साधने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव में राजभर सपा के साथ थे, इससे गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर सहित इस क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। राजभर काफी दिनों से मंत्रीमंडल में शामिल होना चाह रहे थे लेकिन अब जाकर उन्हें जगह मिल पाई। लोस चुनाव से पहले राजभर को मंत्री बनाकर भाजपा पूर्वांचल की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

### उप चुनाव हारने के बावजूद दारा बने मंत्री



इसी तरह लोस. चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विस. चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया जिसमें वह हार गए। बावजूद इसके सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें एमएलसी बनाया फिर अब मंत्री भी बना दिया। पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं। समाज को प्रतिनिधित्व देने के कारण भाजपा ने घोसी उप चुनाव हारने के बावजूद दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है।

### अनिल कुमार के पीछे सामाजिक समीकरण



हाल ही में सपा का साथ छोड़ कर एनडीए के साथ आयी रालोद के भी एक विधायक को मंत्री बनाए जाने के पीछे सामाजिक समीकरणों को साधना है। सहारनपुर के रहने वाले अनिल कुमार मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद के विधायक हैं। राजभर और दारा सिंह की तरह अनिल कुमार भी पहले बसपा में थे। अनुसूचित जाति के वोटों को साधने के अनिल कुमार को मंत्री बनाने की पहल की गई है।

### चुनावी समीकरण को सुनील को भी बनाया मंत्री



मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुनील शर्मा साहिबाबाद से भाजपा के विधायक हैं। तीन बार से विधायक बन रहे शर्मा की गिनती ब्राह्मण नेताओं की जाती है। उन्हें योगी के अलावा राजनाथ सिंह का भी करीबी माना जाता है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने की कड़ी में सुनील शर्मा को भी मंत्री बनाया गया है।

# अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

## मिलेगी सस्ती बिजली, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ हुए थे दो बड़े एमओयू

मंत्रिमंडल के फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे।

इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी।नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

**आबकारी विभाग लाएगा एकमुश्त समाधान योजना :** कैबिनेट ने आबकारी विभाग को अपना बकाया धनराशि को वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) लाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया इसमें बकायेदारों द्वारा पूरी धनराशि का भुगतान करने पर ब्याज में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी।

### मंत्रिपरिषद की बैठक में इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देगें।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास हुआ।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़ होगी।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरण प्रस्ताव को मंजूरी।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिको को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।
- स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल नर्सिंग आदि के विद्यार्थियों को मुफ्त स्मार्टफोन और टैबलेट खरीदने के लिए 4 हजार करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

### होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि अभी तक होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय आवागमन के दौरान ड्यूटी भत्ते के अलावा 30 रुपये भोजन भत्ता मिलता था। बढ़ती महंगाई की वजह से यह भत्ता नाकाफी था। इसे बढ़ाकर 120 रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया था। इससे करीब 77 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों को फायदा होगा। विभाग पर करीब 2.75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक प्रति मरीज भोजन की दर 100 रुपये तय थी। महंगाई को देखते हुए इसे बढ़ाकर अब 138 रुपये कर दिया गया है। प्रदेश में 10 राज्य बीमा अस्पताल संचालित हैं। इन अस्पतालों में बीमित कर्मचारियों और श्रमिकों का मुफ्त इलाज होता है।

# रेलवे के डीएमई समेत दो को पांच-पांच साल का कारावास

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** रेलवे विभाग में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल बनाने के आरोपी एनई रेलवे बनारस के फिटर ग्रेड एक के सीनियर डीएमई पीके दत्ता व मेसर्स विन्टेक इंजीनियरिंग के रिप्रजेंटेटिव विनय कुमार सिंह को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इन पर जुर्माना भी लगाया है। पीके दत्ता डीएमई एनई रेलवे, डीआरएम कार्यालय वाराणसी के कार्य करने के दौरान वर्ष 2004 से 2006 के बीच सुरेंद्र शरन वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी, मोहम्मद असलम सिद्दीकी अकाउंट असिस्टेंट व तीन प्राइवेट पार्टियों के साथ मिलकर साजिश करके सरकारी गाड़ियों की मरम्मत के बिल धोखाधड़ी से तैयार किए।

# प्रशिक्षण योग्यता पूर्ण न होने की दशा में चयन अपूर्ण माना जाएगा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुरानी पेंशन स्कीम से संबंधित एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अगर अभ्यर्थी प्रशिक्षण योग्यता प्राप्त कर रहा है तो यह नहीं कहा जा सकता कि चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, क्योंकि नियुक्ति के बाद ही चयन प्रक्रिया पूरी मानी जाती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने सुषमा यादव की याचिका खारिज करते हुए पारित किया है। वर्तमान मामले में प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर याची की नियुक्ति वर्ष 2006 में हुई। हालांकि भर्ती विज्ञापन वर्ष 1998 में जारी हुआ था, जिसमें याची को मेरिट में सबसे अधिक अंक मिलने के कारण नियुक्त कर लिया गया था, इसलिए याची ने पुरानी पेंशन की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल की। नियुक्ति के समय पद की अर्हता के अनुसार याची के पास बीटीसी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र नहीं था। अतः उसे अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

याची ने वर्ष 2004 में अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करके वर्ष 2006 में सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्ति प्राप्त की। याची का तर्क है कि नियुक्ति में देरी के लिए उसे दोषी नहीं माना जा सकता है। उसकी नियुक्ति वर्ष 1998 में हुई, लेकिन प्रशिक्षण पूरा न होने के कारण उसे तैनाती नहीं मिली थी। याची की पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की प्रार्थना का कोई कानूनी आधार नहीं है, इसलिए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

## वर्ग पहेली-1

**बाएं से दाएं**

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | | ■ |
| ■ | 4 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | 5 |
| ■ | 6 | | | 7 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | 9 | | | |

### वर्ग पहेली - 362 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 सं |
| ल | ■ | ■ | नि | ■ | वि |
| 4 क | ट | चा | य | ■ | धा |
| त | ■ | ■ | मि | ■ | न |
| ■ | ■ | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | ■ | ■ |
| त | ■ | न | ■ | 7 झा | ल |

## सुडोकू -80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

## सार-संक्षेप

### पांच जिलों के लिए उड़ान सेवाएं 8 या 9 से संभव

**लखनऊ,अमृत विचार :** लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित पांच जिलों के लिए 2 मार्च से शुरू होने वाली उड़ान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। अब इन्हें 8 या 9 मार्च को शुरू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसका किराया डेढ़ से ढाई हजार रुपये के बीच रहेगा। सूत्रों की मानें तो 8 या 9 मार्च से उड़ान सेवाएं शुरू हो सकती हैं।

### महानिदेशक परिवार कल्याण को हाईकोर्ट ने किया तलब

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बार-बार समय प्रदान करने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से एक मुकदमे में जवाब न आने पर सख्त रूख अपनाया है। न्यायालय ने महानिदेशक, परिवार कल्याण को 13 मार्च को कोर्ट के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भए आदेश दिया है कि वह मुकदमे से संबधित समस्त रिकॉर्ड भी अपने साथ लाएं। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी अल्ट्रासाउंड सेंटर, कावा रोड, अमेठी की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय ने कहा कि मुख्य स्थायी अधिवक्ता के कार्यालय से बार-बार पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना खेदजनक है। न्यायालय ने महानिदेशक को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल कर यह भी बताने को कहा है कि जिन अधिकारियों के कारण मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय के पत्रों के उत्तर में जवाब नहीं दिया गया उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है।

# कोविड में अपनों को खो चुके बच्चों को मदद राशि का इंतजार

**लखनऊ, अमृत विचार :** कोविड में अनाथ हुए बच्चों को मदद राशि की किस्त का इंतजार है। अभी इनके खाते में राशि नहीं पहुंची है। बता दें कि कोविड काल में अनाथ हो चुके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश सरकार की ओर से अनाथ बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। कोविड के बाद 2022 तक तिमाही भुगतान किया जा रहा था। इसके बाद छमाही भुगतान किया जाने लगा। जिले में 900 बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से राशि दी जा रही है। 900 से अधिक अनाथ बच्चों को पढ़ाई और भरण पोषण के लिए उक्त राशि दी जाती है। पिछले वर्ष नवंबर माह में भुगतान किया गया था। अब पात्र बच्चों को भुगतान के लिए बजट मांगा गया है।

# बढ़े गेहूं के भाव से सरकारी पंजीयन में आई कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रबी विपणन 2024-25 गेहूं खरीद की तरफ रुझान कम

**अमृत विचार :** गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने के कारण सरकारी खरीद के पंजीयन की रफ्तार धीमी है। बाजार भाव कम न हुआ तो इस बार भी खरीद प्रभावित हो सकती है। पंजीयन कम होना किसानों का क्रय केंद्रों पर रुझान कम होना दर्शाता है। इसके लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

प्रदेश में दो वर्ष से समर्थन मूल्य से बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है तो पंजीयन आदि प्रक्रिया में किसानों को परेशानी होती हैं। इन सब कमी को देखते हुए इस बार रबी विपणन 2024-25 गेहूं खरीद के लिए एक माह पहले यानी 1 मार्च से केंद्र खोले गए हैं। हालांकि गेहूं तैयार न होने के कारण बोहनी नहीं हुई है। खरीद के लिए किसानों के पंजीयन कराने पर जोर है। लेकिन, रफ्तार धीमी है। कारण गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से ज्यादा बताया जा रहा है। समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि गेहूं का बाजार भाव 2500 प्रति क्विंटल तक है। शायद इसलिए किसानों का फिलहाल क्रय केंद्रों की तरफ रुझान नहीं है। 2024-25 की खरीद के लिए शुरुआती दौर में मंगलवार तक 1,14,616 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि 2021-22 में पूरे खरीद सत्र में 16,09,712 किसानों ने पंजीयन कराया था और 13,01,753 ने गेहूं बेचा था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

**वृष:** आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मिथुन:** आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**सिंह:** आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

**कन्या:** आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला:** आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक:** आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु:** आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

**मकर:** आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

**कुंभ:** आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

**मीन:** आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
घातक — सुबह : 11.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

**Sony Max**
आंख मिचौली — सुबह : 10.11
दिल तो बच्चा है जी — शाम : 04.03

**Sony Pix**
एनाकोंडा — सुबह : 11.48
पैसिफ़िक रिम — दोपहर : 03.03

**Zee Cinema**
फोन भूत — सुबह : 10.50
बरसात — रात : 07.00

**Colors Cineplex**
देवदास — सुबह : 08.53
फोर्स 2 — रात : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...

पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।

उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?

जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..

साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं

जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**–डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज (नई) 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

### बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

# बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

### देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी



कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा–भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

## सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

# कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गई मंडी समितियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे
- बरेली में ज्यादा परेशानी

**अमृत विचारः** जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,800 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,800 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

## पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

# क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

छपरा, एजेंसी

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय

# इस्तीफे के बाद अभिजीत ने भाजपा में शामिल होने का किया एलान

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व न्यायाधीश ने कहा-तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय है



कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय है और वह मजबूती से लड़ेंगे।

गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया। न्यायाधीश पद पर रहने के दौरान शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उनके फैसलों के कारण राजनीतिक चर्चाएं छिड़ गयी थीं। उन्होंने कहा-यह भाजपा नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वे मुझे चुनाव लड़ाना चाहते हैं या नहीं। वे जो कुछ भी फैसला करेंगे मुझे स्वीकार्य होगा। गंगोपाध्याय ने कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस के 'अन्याय' और 'भ्रष्टाचार' के खिलाफ लड़ेंगे।

# वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है

### तेलंगाना में विपक्ष पर बरसे मोदी, 7200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।



नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है।

### ओडिशा में परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**चंडीखोल (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है।

# जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद




मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है। देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ के मुकाबले इसमें 1.83% की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

### एसबीआई को ढाल बना रही है सरकारः खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

# केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्टः उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया



उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

# गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने की बयान की निंदा

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

## माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

## भाजपा विधायक पर अवैध शराब की दुकान चलाने का आरोप

**भोपाल।** भोपाल से भाजपा की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में अपनी पार्टी के विधायक सुदेश राय पर अवैध रूप से शराब की दुकान चलाने का आरोप लगाया और महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राय की विधानसभा सदस्यता खत्म करने की मांग भी की। जब मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में राय से संपर्क कर प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा कि वे खुद ठाकुर के आरोपों की पड़ताल करें। ठाकुर ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के इलाकों के दौरे पर थीं, तभी कुछ लड़कियां उनके पास आईं और उन्होंने मुझसे शिकायत की।

# सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

कोलकाता, एजेंसी

### संदेशखालि मामला

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

### सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

### बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

# सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**



**पेरिस, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की।

मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह 8 मैचों में पांचवीं जीत है। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी 14वें स्थान पर हैं।

# मुंबई इंडियन्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 29 रन से हराया

## कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों और शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली को मिली जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 192 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियन्स की पारी को 8 विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। दिल्ली की यह 5 मैचों में चौथी जीत है और टीम 8 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई की टीम की यह दूसरी हार है। लैनिंग ने 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 38 गेंद में 53 रन की पारी खेली। मौजूदा सत्र में तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने 3 साझेदारियां की। प्लेयर ऑफ द मैच जेमिमा ने इसके बाद 33 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्के लगाकर नाबाद 69 रन बनाए और टीम को 200 रन के करीब पहुंचाया। शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेली। मुंबई के लिए पूजा वस्त्राकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रही। उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। साइका इशाक, शबनीम इस्माइल और हेले मैथ्यूज विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज थे। मुंबई के लिए अमनजोत कौर ने 27 गेंद में 7 चौके की मदद से 42 रन बनाए। हेली ने 29 जबकि संजीवन सजना ने नाबाद 24 रन बनाए। दिल्ली के लिए जोस जेनासन ने 3 जबकि मरीजान कैप ने 2 विकेट लिए। शिखा पांडे, टिटास साधु और राधा यादव ने 1-1 विकेट चटकाए। लक्ष्य का बचाव करते हुए मरीजान कैप और शिखा पांडे ने शुरुआती दो ओवरों में क्रमशः यास्तिका भाटिया (6) और नैट सिवर ब्रंट (5) को चलता कर दिल्ली को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से हेली ने 3 चौके जड़ मुंबई की रन गति को बढ़ाने की कोशिश की लेकिन मरीजान ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (6) को चलता किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में जोनासन ने मैथ्यूज की 29 रन की पारी को खत्म किया। एमिलिया ने टिटास साधु के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जेमिमा को कैच थमा बैठी जिससे मुंबई ने नौवें ओवर में 68 रन तक 5 विकेट गंवा दिए।

## खेल डायरी

### वेगनेर को संन्यास लेने पर मजबूर किया: रोस



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार बल्लेबाज रोस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वेगनेर को संन्यास लेने को मजबूर किया गया। वेगनेर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में संन्यास का ऐलान किया। उन्हें बताया गया था कि उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना जाएगा। वेगनेर हालांकि पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और ड्रिंक्स भी लेकर आए। टेलर ने कहा कि अब समझ में आ रहा है। उसे संन्यास लेने पर मजबूर किया गया। वेगनेर की प्रेस कांफ्रेंस सुने तो पता चलता है। वह संन्यास लेने वाला था लेकिन आखिरी टेस्ट के बाद। वह इस शृंखला के लिए उपलब्ध था। उसके बाद उसे चुना नहीं गया। भविष्य के लिए सोचना सही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शृंखला में हर हालत में जीत के लिए मैं नील वेगनेर पर भरोसा करता। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चैन की सांस ले रहे होंगे कि वह टीम में नहीं है। वेगनेर को दो टेस्ट मैचों की घरेलू शृंखला के लिए चुना गया था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने उसे बता दिया था कि वह एक भी मैच नहीं खेलेगा।

### सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

### लक्ष्य चाहर भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय हैं। चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग में उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार मिली। दीपक भोरिया (51 किग्रा), नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) आगे नहीं बढ़ पाए। मोहम्मद हुसामुद्दीन और शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटे की दौड़ में हैं। भारत ने मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। सभी ने एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

### नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

## उस शृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह शृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद शृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस शृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस शृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह शृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई शृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

### अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद




अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।

**आंकड़ों का दुर्लभ संयोग**

# अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

**धर्मशाला, एजेंसी**



ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को 5 मैचों की शृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलते दिखेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100वां टेस्ट खेला था। यह इकलौता मौका था जब 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज शृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैंकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

### डोपिंग में ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना की सजा हुई कम

**लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी।** दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप की अपील पर खेल की सर्वोच्च अदालत ने डोपिंग के खिलाफ उनके प्रतिबंध को कम कर टेनिस में वापसी की मंजूरी दे दी। खेल पंचाट ने कहा कि उसके न्यायाधीशों ने हालेप की अपील को आंशिक रूप से बरकरार रखा और उनके 4 साल के प्रतिबंध को घटाकर नौ महीने कर दिया। उनका प्रतिबंध जुलाई में समाप्त हो गया। फैसले में कहा कि हालेप ने प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन सप्लीमेंट के माध्यम से किया है।

# मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

## डब्लयूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, सोमवार को खेला गया बेंगलुरु सत्र का आखिरी मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा माहौल टूदेश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था।

भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।

# बॉलीवुड हलचल

## यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।



## करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...' लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।

### अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज


**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी-सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।

## स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

## फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश से पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएंगे।

### बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे



**सेन फ्रांसिस्को।** तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है।। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6 6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है।। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2 .3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

### यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

### लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

# पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8 करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

## पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।





# के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरूरी है।

### चेक करें ईसीएस डेबिट



इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।



- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।
- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।



### पीपीएफ, एनपीएस खातों में न्यूतम राशि





यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

# हिंद-प्रशांत में नहीं चलेगी किसी की दादागिरी, रक्षा मंत्री का चीन को संदेश

## राजनाथ ने कहा- पड़ोसी देशों को उनकी संप्रभुता कायम रखने में दी जाएगी मदद

**पणजी, एजेंसी**


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

### भारत की प्रगति से आसपास के क्षेत्र की भी होगी उन्नति



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी तरह का दबदबा न हो। उन्होंने आगे कहा, आज भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारा नौसैनिक औद्योगिक आधार मजबू हो रहा है। हमारे शिपयार्ड का विस्तार हो रहा है। विमानवाहक पोत बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है। सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा, जिस तत्परता के साथ भारतीय नौसेना सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह देश के वैश्विक मूल्यों को पर्याप्त ताकत प्रदान करती है। नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में सहयोगी देशों की पूरी मदद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, हिंद महासागर में हमारी नौसेना की मौजूदगी बाकी सहयोगियों पर आने वाले दबाव को रोकती है। उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता सुरक्षित रहनी चाहिए।

## पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

# 10 मई के बाद मालदीव में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूद

**माले (मालदीव), एजेंसी**

- मुइज्जू बोले-कोई भी भारतीय सैनिक सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा



भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं।

मीडिया के अनुसार, मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी। मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, ''10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं।

मुइज्जू ने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

### बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...





**चमोली :** उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गईं। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

## देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होताः विदेश मंत्री जयशंकर

**सियोल, एजेंसी**

- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से मिले विदेश मंत्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निधारित करने में अत्यधिक प्रभाव का प्रयोग किया था, अब वह बीत चुका है इसलिए भारत और दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान करने की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

बता दें, विदेश मंत्री एस जयशंकर तीन दिनों के एशिया के दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए सियोल पहुंचे। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने देश की प्रगति में उनके योगदान को सराहा।

उन्होंने कहा कि अपने देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता। जो लोग विदेश में रहते हैं वे जानते हैं कि उनके दिल और दिमाग का एक बड़ा हिस्सा हमेशा भारत में रहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि आप सभी अलग-अलग तरीकों से हमारे देश की प्रगति में योगदान देते हैं।

# भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक :रूचिरा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता



इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। उन्होंने सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं।

### इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजराइल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। एक दिन पहले एक भारतीय की मौत के बाद यह सलाह जारी की गई है।

# भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

**गया, एजेंसी**



तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बगदाहा गांव में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। एयरक्राफ्ट पर दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विमान का प्रशिक्षण देने के लिए दो पायलट गया के ओटीए से उड़ान भरे थे। जैसे ही एयरक्राफ्ट बोधगया के बगदाहा गांव के पास पहुंचा, अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। गिरने के बाद सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हालांकि घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर सेना के अधिकार पहुंच गए। फिलहाल क्षतिग्रस्त एयरक्राफ्ट को प्लास्टिक कवर से ढक कर वापस कैंप ले जाने की तैयारी में जुट गए है। घटनास्थल पर मौजूद सेना के एक अधिकारी ने ऑफ द रिकॉर्ड बताया कि माइक्रो एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरा था।


**विज्ञान** नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

# ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।



जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।

### जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

# भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- स्टैनफोर्ड विवि में छात्रों से बोले शीर्ष कोर्ट के वकील



सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉगः द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है। यह शानदार है। मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि भारत के अतीत में पुनरुत्थान एक एकल परिवर्तनीय समीकरण नहीं है। यहां कई कारक हैं जैसे भू-राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और न जाने क्या-क्या। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह यहां रहने के लिए है और मुझे लगता है कि यह यहां से वापस नहीं जा रहा है।' बता दें, दिनभर चलने वाले सम्मेलन का आयोजन स्टैनफोर्ड इंडिया पॉलिसी एंड इकोनॉमिक्स क्लब (एसआईपीईसी) ने मोटवानी जडेजा फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया था।